CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C
तापमान

सेंसेक्स 75,967.39
निफ्टी 22,945.30

सोना 88,120
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 20 फरवरी 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com
माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081
21 शाबान 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

## राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी -शेष पृष्ठ दो पर...



**उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि**

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

**नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!**

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना -शेष पृष्ठ दो पर...

## सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

**लखनऊ, वार्ता**

महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना



रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

### बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट/भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

### आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

### ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

# बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी।



- **शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी**
- **सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली**

हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

### श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

### रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।



- **भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया**

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

### पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ - शेष पृष्ठ दो पर...

## यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

**मुंबई, वार्ता**

- **बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

## मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।


# भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

### ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां



व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग

- **अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग**

(डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।

حج عمرہ و زیارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
ISO CERTIFIED COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस
निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस
1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैण्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025
011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# सऊदी अरब में अमेरिका व रूस की वार्ता अच्छी रही: ट्रम्प

वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, वार्ता

■ युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सऊदी अरब में अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि वे बहुत अच्छे थे। रूस कुछ करना चाहता है।

रूस 'जंगली बर्बरता' को रोकना चाहता है। श्री ट्रम्प ने युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की, जो अमेरिकी गृह युद्ध का अहम मोड़ बन गया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने की योजना ने पिछले कुछ दिनों में हजारों सिविल सेवकों को झटका दिया है, लेकिन एक सदी में सबसे खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, कोरोनावायरस महामारी के तुरंत बाद स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में कटौती विशेष रूप से परेशान करने वाली है, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों का कहना है कि बर्खास्तगी से देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का खतरा पैदा हो जाएगा। इस बर्खास्तगी के कारण रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तथा विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली अन्य एजेंसियों के अगली पीढ़ी के नेताओं को भी बाहर कर दिया गया है। बर्खास्तगी ने स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा विज्ञान में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले स्नातक छात्रों को परेशान कर दिया।

## बलूचिस्तान में सात यात्रियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

यह हमला मंगलवार का बरखान जिले में एक राजमार्ग पर मंगलवार देर रात हुआ जहां लगभग 11 हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका। जिले के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को यह जानकारी दी। यात्री प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पूर्वी पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले की यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारियों को अपने लक्ष्यों के बारे में विशेष जानकारी थी क्योंकि उन्होंने केवल इस विशेष वाहन को रोका और पीड़ितों को चुन–चुन कर मार डाला। सूत्रों ने कहा कि बरखान पंजाब और बलूचिस्तान के बीच एक सीमावर्ती जिला है जो दोनों प्रांतों के बीच यात्रियों के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है।

# भारत-मलेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा क्षेत्र पर बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली, वार्ता



■ सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालम्पुर में हुई द्विपक्षीय सहयोग पर जताई खुशी

**भारत** और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया–भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालम्पुर में हुई।

बैठक की सह–अध्यक्षता रक्षा सचिव राज.श कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर–पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिब(ता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान–प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप–समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई–30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान–प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान–प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा। रक्षा सचिव ने मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक–प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

### रक्षा सचिव ने मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत मलेशिया को हिन्द प्रशांत में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति विजन यानी एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास), और हिन्द प्रशांत महासागर पहल के केन्द्र में है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव: शिवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। श्री चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। श्री चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।

### महाकुंभ स्नान करने आई युवती का बाथरूम में मिला शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के झूंसी क्षेत्र में महाकुंभ में स्नान करने आई युवती का बाथरूम में शव मिलने से हड़कंप मंच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात दिल्ली निवासी एक युवक और युवती ने अपने को पति–पत्नी बताकर बता कर झूंसी क्षेत्र थाना के आजादनगर इलाके में रात बिताने के लिए एक कमरा किराए पर लिया था। उस मकान में और भी किराएदार थे और बाथरूम कॉमन है। बुधवार सुबह अन्य किराएदार बाथरूम में गए तो वहां शव देख कर चीख पड़े। युवती के साथ आया युवक रात को ही मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक वहां नहीं रहता है। सामने जनरल स्टोर वाला मकान की देखभाल करता है।

### नकवी की पत्नी सीमा ने किया संगम स्नान

**महाकुंभनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखतार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी अपने परिवार के साथ बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना की। सीमा नकवी ने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन अध्यात्म और श्रद्धा का भव्य संगम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी पदाधिकारियों को दी नसीहत

# जिसकी जितनी जिम्मेदारी, उतनी जवाबदेही

नई दिल्ली, वार्ता



■ पार्टी प्रभारियों व महासचितों की बैठक में बोले–जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खड़गे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। श्री खड़गे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहां विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ह्व प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया। हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। अमेरिका ने हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़–साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

## नए सिरे से होगा आप का पुनर्गठन

**पार्टी की कार्यकारिणी बैठक के बाद बोले गोपाल राय**

**नई दिल्ली।** आप कार्यकारिणी का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने इस दौरान नए सीएम के चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। बुधवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और संगठन मंत्री शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अपनी–अपनी विधानसभाओं की मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने पत्रकारों से बताया कि आज सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी से उनकी चुनाव में निभाई गई भूमिका की रिपोर्ट अगले दस दिनों में प्रदेश कार्यालय में सौंपने को कहा गया है।

# यूपी के प्राथमिक स्कूलों में लटके हैं ताले: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



■ राज्य की प्रगति और शिक्षा को ले कर योगी सरकार लापरवाह

**यूपी** के सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप वाले बयान के जवाब में बुधवार को अखिलेश यादव ने सीएम पर तंज कसा है और उर्दू के शेर पढ़कर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कल कर रहे थे जो खिलाफत आगे बढ़कर, आज वाह–वाही लूट रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी और अवधी भाषाओं का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी पर हमला किया था और पार्टी पर बच्चों को मौलवी बनाने की को. शिश करने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हैं। देश में सबसे ज्यादा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अगर कहीं हैं, तो वो उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य की प्रगति और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से लापरवाह रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए कि 11 लाख प्राथमिक विद्यालय, जिनमें ताले लगे हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि सीएम का भाषा या प्रगति से कोई लेना–देना नहीं है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो 11 लाख प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कितने इंटरमीडिएट स्कूल खोले गए हैं? चाहे वह पॉलिटेक्निक हो, आईटीआई हो या इंजीनियरिंग सरकार इनमें से कितने का ध्यान रख रही है? वहीं सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने सीएम पर जानबूझकर इसे हिंदू–मुस्लिम का विषय बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उर्दू भी एक भाषा है। विस में उठाया गया मामला एक अलग परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू–मुस्लिम के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उर्दू की बात की।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से फिर फिसला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



**विश्व** बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12.40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बाजार की गिरावट नियंत्रित रही। इस दौरान मिडकैप 1.30 प्रतिशत उछलकर 40,376.68 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,455.83 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में लिवाली जबकि 1147 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि अन्य 25 हरे निशान पर रही। बीएसई के चार समूहों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 75,787.27 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,581.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,338.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,967.39 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत टूटकर 75,939.18 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक टूटकर 22,847.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,814.85 अंक के निचले जबकि 23,049.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,945.30 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत उतरकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.28, इंफोसिस 2.20, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.98, सन फार्मा 1.38, भारती एयरटेल 1.35, पावरग्रिड 1.35, एचसीएल टेक 1.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, टेक महिंद्रा 1.01, बजाज फिनसर्व 0.99, नेस्ले इंडिया 0.94, मारुति 0.86, बजाज फाइनेंस 0.51, अल्ट्रासिम्को 0.38, टाइटन 0.35, अडानी पोर्ट्स 0.28 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

अर्थ व्यापार

## ट्रम्प का कर फरमान जीएसटी को भी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि श्री ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंता. जनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2–0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी हुई मंहगी

**नई दिल्ली। विदेशी** बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चीनी महंगी हो गई। तेल–तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 175 रिंगिट उबलकर 4869 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी के साथ 48.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़–चीनी: मीठे के बाजार में मिला. जुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल–दलहन: दाल–दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।


**कार्यालय, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पिथौरागढ़**

पत्रांक: 1519/प्रचार–प्रसार/2024–25 दिनांक: 19 फरवरी 2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन प्रचार–प्रसार हेतु कॉफी टेबल बुक, हिन्दी एवं अंग्रेजी में एवं वॉल कलेन्डर व ट्रेबल कलेन्डर और पर्यटन स्थलों के होल्डिंग्स बनवाये जाने है। जिस हेतु निविदा दिनांक 25 फरवरी 2025 के प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि रू0 40,000 की FDR जो जिला पर्यटन अधिकारी पिथौरागढ़ के नाम बन्धक होगी। जो संलग्न करना होगा।

1– निविदा दाता की संस्था का उपरोक्त कार्यों में जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य होगा, एवं छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2– निविदा दाता की संस्था का कॉफी ट्रेबल बुक व कलेन्डर और होल्डिंग बनवाने का न्यूनतम 05 वर्षो का कार्य अनुभव सरकारी / अर्धसरकारी विभाग का होना अनिवार्य है।

3– निविदा दाता को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कमेटी पर निहित होगा।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी,
पिथौरागढ़।


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्य की संस्कृति...**

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्खृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**नए भू–कानून के...**

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा–अनियमितताओं को रोका जा सके।

7– जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8– नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू–उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9– यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

**पढ़ाई–लिखाई के...**

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003–04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

# संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

## पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक–दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सदन में गूंजा राशन कार्ड न बनने का मुद्दा

**प्रदेश में बने है 23 लाख, 93 हजार 809 राशन कार्ड: रेखा**
**सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी उठाए सवाल**



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र की दूसरे दिन हंगामें के चलते प्रश्नकाल 11:15 बजे शुरू हुआ। प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष व विपक्ष की और से राशन कार्ड न बनने, स्मार्ट मीटर व भू कानून के मुद्दों पर बहस हुई।

विपक्ष की तरफ से कांग्रेस विधायक भुवन चंद कापड़ी, निर्दलीय विधायक उमेश कुमार, भाजपा विधायक प्रीतम सिंह पंवार व बृजभूषण गैरोला सहित कई विधायकों ने स्वास्थ्य, युवा कल्याण, खेल, खाद्य आपूर्ति, महिला सशक्तिकरण मंत्री को को घेरा।

विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि गरीबी रेखा का आकलन न होने से हजारों गरीब परिवार खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित हैं। इस पर खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य में 60.80 लाख लोगों को राष्ट्रीय खाद्य

**प्रश्नकाल**

सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है। 36.33 लाख लोगों को राज्य खाद्य योजना का लाभ मिल रहा है। 5 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों के राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि प्रदेश में 1,76,000, अंत्योदय कार्ड की डिमांड है। वहीं, भाजपा विधायक बृजभूषण गैरोला के सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में 168 आंगनबाड़ी कम क्रेच केंद्रों को स्वीकृति मिली है। कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 साल तक के बच्चे इन क्रेच (पालन) में रख सकते हैं। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने सदन में नियम 310 का प्रश्न उठाया। स्मार्ट मीटर को लेकर उठाए प्रश्न पर सदन की कार्यवाही रोक चर्चा कराने की मांग की गयी, विपक्ष की मांग को नियम 58 में स्वीकार किया गया। वहीं, राशन कार्ड न बनाये जाने से उपभोक्ताओं को हो रही है भारी परेशानी पर खाद्य आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य ने बताया की लगातार नए राशन कार्ड बनाए जा रहे है।

**नए बने और निरस्त किए गए राशन कार्डों का विवरण**

| योजना का नाम | निरस्त किये गये कार्ड | निरस्त किये गये यूनिट | बनाये गये कार्ड | बनाये गये यूनिट |
|---|---|---|---|---|
| अन्त्योदय अन्न योजना | 920 | 1683 | 754 | 1825 |
| प्राथमिक परिवार | 3566 | 10741 | 3235 | 11487 |
| राज्य खाद्य योजना | 17717 | 63173 | 47922 | 156976 |
| योग | 22203 | 75597 | 51911 | 170288 |

## मंत्री रेखा आर्य व सुमित हृदयेश के बीच हुई तीखी बहस

**देहरादून।** हाल ही में सम्पन्न हुए 38 वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान देहरादून और हल्द्वानी के स्टेडियम के पूरे नाम न लिखने पर विपक्ष के विधायक सुमित हृदयेश ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि दो पूर्व प्रधानमंत्री का पूरा नाम निमंत्रण पत्र पर सम्मान से लिखने के बजाय सरकार ने शार्ट में क्यों लिखा। इस पर मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि उनका नाम लिखा गया है, लेकिन दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

## विधायक उमेश कुमार ने किए सवाल

विधायक उमेश कुमार ने कहा कि हरिद्वार में एक साल में 144 पीले, अंत्योदय 44 कार्ड ही बने हैं। नेशनल फूड सिक्योरिटी पोर्टल नहीं चलता। ये कब खुलेगा। प्राथमिक परिवार के कार्ड की संख्या कब बढ़ेगी। इसपर मंत्री रेखा आर्य ने जवाब दिया कि हरिद्वार को 37006 अंत्योदय, प्राथमिक परिवार के 9 लाख यूनिट आवंटित हैं। 41 अंत्योदय के कार्ड एक साल में बने, प्राथमिक परिवार के 374 निरस्त हुए थे और 144 बने हैं।

2 लाखा 66 हजार कार्मिकों ने कराया गोल्डन कार्ड से इलाज

देहरादून। कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने सवाल उठाया कि राज्य कार्मिकों को गोल्डन कार्ड की प्रतिपूर्ति नही मिल रही है। इसके जवाब में चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि अब तक 2 लाखा 66 हजार कार्मिकों ने गोल्डन कार्ड के तहत इलाज कराया है। प्रदेश के कुल 304 अस्पताल सूचीबद्ध किये गये है। 271 करोड़ की प्रतिपूर्ती के सापेक्ष 231 करोड़ जारी कर दिये गये हैं। अभी 4 करोड़ बाकी है।

# राज्य में विधायी परंपराओं का हो रहा उल्लंघन: आर्य

**जमीनों की खरीद-फरोख्त पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि समाचार पत्रों से ये पता चला है कि, राज्य की कैबिनेट ने विधानसभा में भू-कानून से संबधित विधेयक लाने का निर्णय लिया है। उत्तराखण्ड में संसदीय परंपराओं का कहीं भी पालन नहीं हो रहा है। परम्परा यह थी कि, जब राज्य में विधानसभा का सत्र चल रहा हो तो कैबिनेट के फैसलों की ब्रीफिंग भी नहीं होती थी। यहां तो विधानसभा का सत्र चल रहा है। भू-कानून मामले में विधेयक आएगा या संशोधन विधेयक आएगा और उस विधेयक के महत्वपूर्ण अंश मीडिया को पहले ही लीक कर दिए हैं। पहले ऐसे मामलों को विधानसभा अध्यक्ष संज्ञान में लेते थे। पर अब इस राज्य में विधाई परंपराओं से कोई लेना देना नहीं था।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भू-कानून पर प्रतिक्रिया बिल के सदन में पेश होने के बाद देंगे लेकिन समाचार माध्यमों से पता चला है कि, 2018 में कि किए परिवर्तनों को सरकार वापस ले रही है। कांग्रेस ने तब भी परिवर्तनों का विरोध किया था।

आर्य ने कहा कि 2018 में हुए इन परिवर्तनों के बाद राज्य की हजारों एकड़ भूमि बाहरी लोगों को बेच दी गई है। सरकार को श्वेत पत्र लाकर स्थिति साफ करनी चाहिए कि, 2018 से लेकर अब तक राज्य की कितनी जमीन लुटवाई है किसको लुटाई है सरकार सारी जानकारी सार्वजनिक करे जिससे प्रदेश की जनता को पता चले की कैसे विगत वर्षों में राज्य की जमीन कीं कितनी बंदरबाट हुई है और राज्य को उसका क्या लाभ मिला। उन्होंने कहा कि अन्य संशोधनों पर सदन में विधेयक पेश होने के बाद प्रतिक्रिया देंगे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिये कि भू-कानून में किन-किन प्रावधानों को रखा गया है।

# नेशनल गेम्स आयोजन को पक्ष - विपक्ष सब ने सराहा



**विधायक गणों ने सफल आयोजन पर खेल मंत्री रेखा आर्या को दी बधाई, खेल मंत्री ने कहा - यह पूरे सदन और पूरे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हाल ही में समाप्त हुए 38 वे राष्ट्रीय खेलों के मुद्दे पर सदन में बुधवार को खुशनुमा माहौल देखने को मिला। पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के विधायकों ने इस सफल आयोजन के लिए खेल मंत्री को बधाई दी। खेल मंत्री रेखा आर्या का कहना था कि यह पूरे सदन पूरे और पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है

प्रश्न काल के दौरान एक सवाल के जवाब में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार में सिर्फ 108 दिन के समय में सभी तैयारी करके इतना सफल आयोजन किया है। हमारे खिलाड़ियों ने पदकों का शतक लगाकर इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। खेल मंत्री ने कहा कि अंत. रराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों का प्रयोग किया गया, खेल अवस्थापनाओं को विश्व स्तर का बनाया गया और यह बात सिर्फ हमारे प्रदेश नहीं, बल्कि देश के सभी इलाकों से आए खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ ने मानी है। खेल मंत्री ने कहा कि ग्रीन गेम्स आयोजित करके हमने पूरी दुनिया के लिए एक संदेश दिया है।

प्रदेश में लड़कियों के लिए खेल सुविधाएं जुटाने के प्रश्न पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि लोहाघाट चंपावत में प्रदेश का पहला गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज प्रस्तावित है। इस कॉलेज में सभी जनपदों की लड़कियों को कक्षा 6 से 12वीं तक के लिए एडमिशन दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस कॉलेज में धीरे-धीरे खेलो की संख्या को बढ़ाया जाएगा, आगे चलकर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी इस तरह के गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए सरकार प्रयासरत रहेगी। खेल मंत्री का कहना था कि इसके अतिरिक्त बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई जगह अलग-अलग खेलों के बालि. का छात्रावास भी संचालित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि उदीयमान खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार जो सहायता राशि दे रही है उसमें 50 फीसदी हिस्सा लड़कियों को मिल रहा है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए जो खेल अवस्थापना सुविधायें प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में विकसित की गई हैं। उनके रख-रखाव के लिये प्रोग्राम तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन खेल सुविधाओं का लाभ प्रदेश के खिलाडियों को मिले इसके प्रयास किये जायेंगे ताकि खिलाडी यहां अभ्यास कर सकें और उनके लिये कैम्प लागाये जा सकें।

## कहा -सिर्फ नाम में उलझा रहा विपक्ष

राष्ट्रीय खेलों की चर्चा होने पर विपक्ष सिर्फ इतना ही सवाल उठा पाया कि समापन समारोह के निमंत्रण कार्ड में इंदिरा गांधी के नाम की शॉर्ट फॉर्म इस्तेमाल क्यों की गई, उनका पूरा नाम क्यों नहीं था। इस पर खेल मंत्री ने कहा कि प्रश्नकर्ता विधायक ने खुद ही अपने सवाल का जवाब दे दिया है कि कार्ड में वह नाम था, जिसे वे चाहते हैं। मजेदार बात यह रही कि विपक्ष के विधायक आयोजन में किसी तरह की कमी या अभाव की बात नहीं उठा पाए। उनका सारा ध्यान गांधी परिवार से आने वाले प्रधानमंत्री के नाम पर ही केंद्रित रहा। हल्द्वानी के स्टेडियम का निर्माण कांग्रेस सरकार के समय में किए जाने के दावे पर खेल मंत्री का कहना था कि निर्माण कार्य को सही तरीके से करके स्टेडियम को हैंड ओवर लेने का काम भाजपा सरकार ने ही किया है। अगर पहले निर्माण कार्य स्तरीय किया गया होता तो, स्टेडियम पहले ही हैंड ओवर हो गया होता।

# सदन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन व चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि

## डॉ. मनमोहन सिंह जितने साधारण थे, उतना ही उनका असाधारण व्यक्तित्व भी था: धामी

**मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद किया जाएगा: आर्य**





शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह व ज्वालापुर से विधायक रहे स्व. चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ज्वालापुर के पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर भट्टे वाले को भी श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा कि वह जो प्रेरणा समाज को देकर गए निश्चित रूप से लोग उससे आगे बढ़ेंगे। डॉ. मनमोहन सिंह जितने साधारण थे उतना ही उनका असाधारण व्यक्तित्व भी था। उनका योगदान बहुत बड़ा है। उनका निधन सबके लिए अपूरणीय क्षति है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन हम उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं।

सरलता और गंभीरता की प्रतिमूर्ति थे। उनका देश के लिए योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। वह आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, आरबीआई के गवर्नर रहे। देश को उन्होंने ऊँचाई पर ले जाने की दिशा में जो काम किया, उसकी छाप आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था में नजर आती है। वर्ष 1987 में उन्हें पद्मविभूषण की उपाधि से सुशोभित किया गया। इसके बाद तमाम राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरुस्कारों से उन्हें सम्मानित किया गया। जाहिर होता है कि उनका कद कितना बड़ा था। इस सच को हम सबको स्वीकार करना चाहिए। पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को भी नेता प्रतिपक्ष ने श्रधांजलि दी। विधायक मोहम्मद शहजाद ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे देश को बहुत आर्थिक ऊंचाई पर ले गए हैं, मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह बहुत सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। पूर्व विधायक को अंत्येष्टि में जो राजकीय सम्मान मिलना चाहिए, वो नहीं मिल रहा है। मैं खुदा से दुआ करूंगा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और भट्टे वाले जी को जन्नत में मुकाम मिले। मौहम्मद शहजाद ने पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से कराए जाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन परिचय हम सबको दिशा देने वाला है। हमने ऐसा व्यक्तित्व खोया है जिसकी देश को आवश्यकता थी। उन्होंने पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को भी याद किया। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल ऐतिहासिक माना जाता है। उन्होने देश की आर्थिकी को सुधारने के लिये बड़ा काम किया। पीएम रहते अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया। उन्होने मनमोहन सिंह के पीएम रहते उनकी पत्नी की और से गैस के दाम न बढ़ाने का अनुरोध करने का मुख्य रूप से उल्लेख किया। भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि कभी कभी पार्टी लाइन पर कुछ कहना पड़ता है, मनमोहन सिंह मास लीडर नही रहे, मगर एक सफल अर्थशास्त्री के रूप में पहचान स्थापित की। वह इतने सौम्य सवभाव के थे कि पीएम रहते हुए उत्तराखण्ड के तत्कालीन सीएम नारायण दत्त तिवारी को सर कह कर संबोधित करते थे। पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन को पढ़ने की जरूरत है। भाजपा विधायक मदन कोशिक ने भी पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह व पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा अनुपमा रावत, भुवन कापड़ी, अरविंद पाण्डेय आदि ने भी पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह व पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि दी।

**अब राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि**

सदन में सीएम धामी ने की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन भोजना वकाश के बाद चली कार्रवाई में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के देश हित में किए गए कार्यो को याद किया। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पूव प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते शिक्षा का अधिकार ,सूचना का अधिकार व मनरेगा जैसी योजनाएं संचालित की। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अनेक कार्य किए। डॉ मनमोहन अपनी उदारवादी नीति के लिए जाने जाते हैं। विक्रम नेगी ने पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि अर्पित की और हास्य कलाकार घनानंद को भी याद किया। विधायक मनोज तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन को श्रद्धांजलि देते हुए राइट टू फूड सहित उनके कामों को याद किया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हल्द्वानी से उनका गहरा रिश्ता रहा। उन्होंने यहां शिक्षा भी ग्रहण की। उन्होंने दिवंगत पूर्व विधायक चंद्रशेखर को भी श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, जयपुर विधायक आदेश चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और पूर्व विधायक चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को याद किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सदन में डॉ मनमोहन और पूर्व विधायक चंद्रशेखर के जीवन परिचय के बारे में बताया।

## मुख्यमंत्री धामी ने रेखा गुप्ता को दी बधाई



**देहरादून।**दिल्ली बीजेपी विधायक दल का नेता रेखा गुप्ता के चुने जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई दी है। अपने संदेश में सीएम ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आपका नेतृत्व दिल्ली की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और दिल्ली का सर्वस्पर्शी व सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

# ...जब स्पीकर को बोलना पड़ा, नेता सदन मंत्री जी को चुप कराईये

**संसदीय कार्य मंत्री व विपक्षी विधायकों के बीच जमकर हुई बहस सीएम धामी के हस्तक्षेप और पीठ के निर्देश के बाद विधायक और मंत्री शांत हुए**



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड बजट सत्र के पहले दिन संसदीय कार्यमंत्री और कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के बीच हुई नोकझोंक का मामला शांत होने की बजाए तूल पकड़ गया है। सत्र के दूसरे दिन जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा विधायक आशा नौटियाल और रेनु बिष्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से सदन में लिखित शिकायत देकर कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट पर कार्रवाई की मांग की जिसके बाद फिर से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष की और से भी संसदीय कार्य मंत्री अग्रवाल पर आरोप लगा कर माफी मांगने की आवाजे आने लगी।

मंत्री व विधायकों आपस में एक दूसरे पर हमलावर हो गये, सदन में जोरदार हंगामा देख स्पीकर अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सबको चुप कराने की को. शिश की, मगर कोई भी पीठ की बात सुनने को तैयार नही दिखा, हर कोई अपने अंदाज में हंगामा करता दिखा। विधानसभा अध्यक्ष के बार बार समझाने पर भी मंत्री और विधायक नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और वरिष्ठ विधायक प्रीतम सिंह से संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की बहस हो गई। संसदीय कार्यमंत्री को स्पीकर बार-बार बैठ जाने को कहती रही, मगर उनकी बात को अनसुना किया गया, तब जाकर स्पीकर को नेता सदन से कहना पड़ा कि आप ही मंत्री जी को चुप कराईये। विधानसभा अध्यक्ष को अपने आसन पर खड़ हो कर सबको शांत कराना पड़ा। प्रीतम सिंह ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री को संयम रखना चाहिए और अपने पद की गरिमा के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। दरअसल मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन सदन में कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के व्यवहार को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने संसदीय कार्यमंत्री से माफी मांगने की मांग की। इस पर सदन के भीतर संसदीय कार्यमंत्री विपक्ष पर आग बबूला हो गए। बार बार पीठ के निर्देश को मंत्री और विधायक नहीं मान रहे थे, सीएम धामी के हस्तक्षेप और पीठ के निर्देश के बाद विधायक और मंत्री शांत हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा की महिला विधायकों की मांग पर मदन बिष्ट के मामले को आदर्श आचार समिति को सौंपा।

## मंत्री के खिलाफ मानहानि का दावा करूंगा: बिष्ट

देहरादून। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई थी। संसदीय कार्यमंत्री ने विधायक पर सदन में शराब पीकर आने का आरोप लगाया था। संसदीय कार्यमंत्री की और से लगाए गए इन संगीन आरोपों को लेकर कल कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट को संज्ञान नहीं था, मगर जब उन्हें इस विषय में जानकारी हुई तो उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह बेहद गलत हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ संसदीय कार्यमंत्री द्वारा बेहद अभद्र व्यवहार किया गया और ऐसे दुत्कारा गया जैसे उनकी कोई इज्जत ना हो। मदन बिष्ट ने कहा कि वह भी एक विधायक जनप्रतिनिधि हैं। मंत्री भी विधायक से ही बन कर जाते हैं, उन्होंने कहा कि वह इस पर मंत्री के खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे।

# चौबटिया में बनेगा शीतोष्ण फलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**■ राज्य सरकार के प्रस्ताव को मिली भारत सरकार की मंजूरी ■ कृषि मंत्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार ■ प्रदेश में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्री ने प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के दिए थे निर्देश**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रम में बुधवार को उद्यान विभाग में केन्द्रपोषित बागवानी मिशन योजनान्तर्गत भारत सरकार ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान चौबटिया, अल्मोड़ा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टैम्परेट फ्रूट की स्थापना के लिए रुपये 671.62 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

यह परियोजना इण्डो-डच नीदरलैण्ड वर्किंग ग्रुप के सहयोग के साथ फसलों पर नवीन तकनीक अपनाते हुए कियान्वित की जायेगी। यह परियोजना में मुख्यत: शीतोष्ण फलों की फसल पर केन्द्रित है जिसमें सेब, आड़ू, नाशपाती, प्लम एवं अखरोट को सम्मिलित किया गया है। इस प्रस्ताव में आधारभूत संरचना, ट्रेनिंग हॉस्टल, सिंचाई प्रणाली, पॉलीहाउस, सॉर्टिंग ग्रेडिंग यूनिट, प्रदर्शन प्रखण्ड के साथ-साथ कोल्ड रूम की मंजूरी प्रदान की गयी है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा मृदा प्रयोगशाला तैयार किये जाने के लिए भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। परियोजना का लक्ष्य फसल में नवीन तकनीक अपनाते हुए उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता में वृद्धि करना है। जिस हेतु फसलवार एवं नवीन तकनीक सहित प्रदर्शन प्रखण्ड स्थापित किये जायेंगें।

विदित है कि उत्कृष्ठता केन्द्र अनेक अच्छी कृषि पद्धतियों और किस्मों का मूल्याकन करेगा तथा किसानों को प्रर्दशनी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ताकि कृषक उपयुक्त पद्धति को अपनाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके।

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में शीतोष्ण फल उत्पादन की अपार सम्भावनायें है। यह सेंटर उत्तराखंड में शीतोष्ण फलों की उन्नत खेती, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह परियोजना राज्य की बागवानी को एक नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे स्थानीय किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले फल उत्पादन के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी मिलेगी और उन्हें बाजार में अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि राजकीय उद्यान चौबटिया, जो पहले से ही अपनी बागवानी प्रयोगशालाओं और अनुसंधान कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में और भी विकसित होगा। इससे प्रदेश में सेब, नाशपाती, आड़ू, खुबानी और अन्य समशीतोष्ण फलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

# सीडीएस अनिल चौहान ने की सीएम धामी से मुलाकात



**मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को विधानसभा देहरादून में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं सेना द्वारा राज्य में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सैन्यभूमि है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रक्षा क्षेत्र में अधिक अवसर देने और राज्य की सुरक्षा व विकास को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### विवि में 'कृषि कुम्भ' का आगाज आज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पन्तनगर।** विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा 20-22 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली 17वीं कृषि विज्ञान सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलाधिपति, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं राज्यपाल उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह के कर कमलों से आज पूर्वाह्न 10 बजे किया जाएगा। इस सम्मेलन के संयोजक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान और आयोजन सचिव निदेशक शोध डा. एएस नैन हैं। इस सम्मेलन में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महा. निदेशक डा. हिमांशु पाठक, मूर्धन्य वैज्ञानिक प्रो. आरबी सिंह, पूर्व महा. निदेशक आईसीएआर डा. आरएस परोडा, डा. पंजाब सिंह तथा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के सचिव डा. डब्लू एस लाकरा एवं डा. एके सिंह, डा. मनीष शाह, अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, एनडीडीबी आनन्द एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक एवं उनके प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

### लक्षिता ने जीती भाषण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद देहरादून के तत्वावधान में जूनियर तथा सीनियर वर्ग की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता तथा बेहतर जीवन के लिए विज्ञान शिक्षा पर भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडी पांडेय कैंपस की भौतिक विज्ञान की प्राध्यापक डा. गीता बर्थवाल ने किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा आमजन में वैज्ञानिक सोच पैदा करना है। इस दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता लक्षिता टंगड़िया ने जीती। विक्टर मोहन जोशी इंटर कॉलेज सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में यू-कॉस्ट के जिला समन्वयक दीप जोशी ने कहा कि विज्ञान दिवस वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को अपना काम प्रदर्शन करने, युवा पीढ़ी को विज्ञान के लिए मंच प्रदान करना है। बेहतर जीवन के लिए विज्ञान शिक्षा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में लक्षिता टंगड़िया, भरत भट्ट तथा हिमांशु मेहता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में जिम कॉर्बेट स्कूल प्रथम, विवेकानंद द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर तृतीय स्थान पर रहा।

### कार्रवाई को लेकर बसपाइयों ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बसपा सुप्रीमो कु. मायावती को गला घोटकर मारने व डॉक्टर अम्बेडकर, कांशीराम तथा सांसद चन्द्रशेखर के विरूद्ध अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर उन्हें अपमानित करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर बसपाइयों ने एसपी के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि उन्हें मीडिया द्वारा अवगत हुआ है कि पूर्व सांसद/कांग्रेसी नेता उदित राज द्वारा विगत16 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र. एवं पूर्व राज्य सभा सांसद, कु. मायावती को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये उन्हें गला घोटकर जान से मारने की धमकी दी गई है तथा स्वयं को मनीष ठाकुर बताने वाले व्यक्ति ने कु. मायावती एवं वर्तमान सांसद चन्द्रशेखर को व कांशीराम तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर अपमानित किया है, जिससे बहुजन समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। ज्ञापन देने वालों में एमए राहुल, हसीन खान, राजेन्द्र कुमार, चन्द्रहास गौतम, राजेन्द्र सिंह, खूब सिंह, राजीव कुमार एडवोकेट, आईपी सिंह, अजय गौतम, पंकज गौतम, प्रदीप कुमार आदि बसपाई शामिल हैं।

### विशाल सिंह भोजक युवा कांग्रेस हल्द्वानी के नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान और प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर



भुल्लर द्वारा विशाल सिंह भोजक को युवा कांग्रेस हल्द्वानी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले विशाल, हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस और जिलाध्यक्ष एनएसयूआई के पद पर कार्य कर चुके हैं और संगठन व कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ रही है। विशाल सिंह भोजक ने जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान और प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ष्मुझे गर्व है कि मैं उस पार्टी का सदस्य हूं जिसका स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान रहा और जिसने देश को आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पार्टी एकता, अखंडता, समानता और सामाजिक सद्भाव में विश्वास करती है।

# एआरटीओ का औचक निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने अभिलेखों, पत्रावलियों का डिजिटलीकरण करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परिवहन विभाग की आवश्यक सभी अभिलेखों, पत्रावलियों को शीघ्र डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने और जनता को प्रदान की जारी सुविधाओं को और प्रभावी तरीके से सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर सुविधा शुल्क मांगने या लापरवाही बरतने की शिकायत मिलती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस बनाने एवं वाहनों की फिटनेस आदि कराने आए हुए वाहन स्वामियों से जिलाधिकारी ने यहां तैनात



कर्मचारियों का भी फीडबैक लिया। बुधवार को जिलाधिकारी के एआरटीओ कार्यालय पहुंचते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। डीएम ने एआरटीओ में रखे तमाम पत्रावलियों एवं रिकॉर्ड का अवलोकन किया। लाइसेंस निर्गत करने एवं अन्य दी जाने वाली सुविधाओं व कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए। कार्यालय में रिकार्ड रूम में फाइलों के साथ ही अन्य सामग्री का रख-रखाव उचित तरीके से न होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नारा. जगी व्यक्त करते हुए फाइलों सहित अन्य सामाग्रियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। कार्यालय में लगे अग्निशमन उपकरण एक्सपायरी मिलने पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ का कड़ी फटकार लगाते हुए उपकरणों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। निष्प्रयोज्य सामाग्रियों,पत्रावालियों का नियमानुसार विनिष्टिकरण करने को कहा। कार्यालय में मिली कमियों में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर जिला. धिकारी ने कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की भी सख्त हिदायत दी। जिला. धिकारी ने अधिकारियों को गुड गवर्नेस के मॉडल पर कार्य करते हुए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के मूलमंत्र के साथ सुचारू कार्यप्रणाली और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। जनता को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ समयबद्ध तरीके से लाइसेंस और फिटनेस संबंधी प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग, हाईस्पीड, नशे और गलत तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिक. ारी ने कहा कि जन सुविधाओं के दृष्टिगत सरकार द्वारा ऑनलाइन सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोगों को घर पर बैठे ही अधिकांश सुविधाएं उपलब्ध हो, इस दिशा में सभी विभागों द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उसके उपरांत जिलाधिक. ारी ने निर्माणाधीन रोडवेज वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एआरटीओ हरीश रावल आदि अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन संघर्ष समिति का क्रमिक अनशन जारी

**बागेश्वर।** काफली-कमेड़ा मोटर मार्ग सुधार करने सहित अन्य मांगों को लेकर काफली कमेड़ा जन संघर्ष समिति का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन आंदोलन में गांव की मातृशक्ति बैठी रही। धरना स्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सड़क ठीक नहीं होने का दंश यहां की महिलाओं को ही अधिक झेलना पड़ता है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी वह चुप नहीं बैठेंगे। बुधवार को समिति के बैनर तले महिलाएं पंचायत भवन के पास एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ पुष्पा देवी, खष्टी देवी, पुष्पा, राधा और परमेश्वरी देवी अनशन पर बैठे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनके गांव को जोड़ने वाली सड़क बदहाल है। सड़क नहीं होने से यहां न तो एंबुलेंस आती है और न ही गैस वाहन। गर्भवती महिलाओं तथा चोटिल लोगों को मुख्य मार्ग तक ले जाने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पलायन के चलते गांव में युवा भी नहीं हैं। इस मौके पर चामू सिंह देवली, नंदन सिंह दानू, प्रवीण सिंह, प्रताप सिंह, भगवत सिंह रहे।

### पर्यटक का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में बीच सड़क में हंगामा करना पर्यटक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में एक पर्यटक गलत दिशा में कार लेकर आ गया, जब पुलिस ने उसको सड़क के वन वे होने की बात कहकर कार मोडकर लाने को कहा तो वह पुलिस से भिड़ गया। जब पुलिस ने उसको समझाने की कोशिश की तो वह अभद्रता पर उतर आया और बीच सड़क में हंगामा करने लगा। इस दौरान मौके पर जाम लगने लगा जिस पर पुलिस ने पर्यटक के वाहन को किनारे कर उसको पकड़ लिया और कोतवाली ले आये। जिसके बाद पर्यटक का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें उसमें एल्कोहल की पुष्टि हुई। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मामले में हरदोई यूपी निवासी रवीकांत अवस्थी का चालान किया।

## फालोअप प्रशिक्षण के तृतीय बैच का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या विषयक जनपद के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो दिवसीय फालोअप प्रशिक्षण के तृतीय बैच का शुभारम्भ डायट बागेश्वर में हो गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुये डायट प्राचार्य डीसी सती ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए कहा है। विद्यार्थी भविष्य की आधारशिला हैं उनकी नींव को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किया जाना जरूरी है। प्रशिक्षण समन्वयक डा. संदीप कुमार जोशी ने बताया कि फालोअप प्रशिक्षण में विकास खण्ड गरुड़ तथा कपकोट के 56 शिक्षको द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फालोअप में शिक्षकों द्वारा विद्यालय के प्रिंट रिच वातावरण, प्रार्थना सभा, पुस्तकालय, पुस्तकालय प्रवन्धन समिति, शैक्षिक गतिविधियां, (भाषा एवं गणित) एवं नवाचारों के विषय में अपना प्रस्तुतीकरण दिया जा रहा है। शिक्षकों के इस तरह के फालोअप को बहुत ही उपयोगी बताया है। मास्टर ट्रेनर बलवन्त सिंह कालाकोटी, संजय सिंह पूना इस कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर डॉ. केएस रावत, डॉ. भुवन चन्द, डॉ. रुचि याठक, नीता अल्मियां, विष्णु दत्त जोशी, गंगा कनवाल, पंकज पाण्डे, पूरन चन्द्र जोशी, मीनू पन्त समेत सभी प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** विकास खंड कपकोट के सुदूरवर्ती गांव से आए ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी आशीष भटगाई से मुलाकात की। ग्रामीणों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2016 से अब तक समस्या को विभाग एवं जिले के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने का प्रयास कर रहे हैं। उसके बावजूद ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने डीएम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बड़ी पन्याली ज्ञानधूरा डांडली मोटर मार्ग वर्ष 2016-17 से मुख्य मार्ग तक मिलान के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिसके सम्बन्ध वे कई बार लोक निर्माण विभाग कपकोट, तत्कालीन



जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को पत्र दे चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीणों को उक्त 4.5 किमी कटी नाप भूमि के मुआवजा ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। साथ ही वर्षा काल के दौरान रोड में आया मालवा आज तक नहीं हटाया गया है। उन्होंने ग्रामीणों की तीन सूत्रीय मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की है। वही मांग पूरी न होने पर 15 मार्च से शामा उप तहसील में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ऐठानी ने कहा कि आज शामा के किसानों द्वारा क्षेत्र में कीवी सब्जी आदि का उत्पादन कर देश में क्षेत्र का नाम रोशन किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने शीघ्र ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेने की बात कही। इस मौके पर भूपेंद्र कोरंगा, नरेंद्र कोरंगा, राजेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, हीरा सिंह, केदार सिंह थे।

# सैनिक व कारोबारी की अंत्येष्टि

## हल्द्वानी के तीनपानी में कार हादसे में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** हल्द्वानी तीनपानी के पास सड़क हादसे में मारे गए बागेश्वर के सैनिक और कारोबारी का शव मंगलवार देर शाम बागेश्वर पहुंचा। शवों के यहां पहुंचते ही दोनों घरों में चीख-पुकार मच गई। बुधवार सुबह दोनों की शव यात्रा अलग-अलग जगह से निकली।

सरयू संगम पर सैनिक संजीव की अंत्येष्टि सैन्य सम्मान के साथ हुई, जबकि कारोबारी गौरव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। शोक में 11 बजे तक बाजार बंद रहा। व्यापारियों ने शोक सभा कर दोनों को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि मंगलवार



तड़के तीन पानी के पास हुए सड़क हादसे में बागेश्वर के कारोबारी गौरव जोशी, सैनिक संजीव चौबे की मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी धीरज कुमार घायल हो गया था। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मंगलवार देर रात दोनों के शव बागेश्वर पहुंचे। सैनिक का पार्थिव शरीर बिलौना उनके घर पहुंचा, जबकि गौरव का शव जिला मुख्यालय स्थित उनके आवास में रखा गया। बुधवार की सुबह परिजनों व दोस्तो ने गमगीन आंखों से विदाई के बाद सैनिक संजीव की शवयात्रा शुरू हुई। सरयू संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कौसानी से आई सिंग्नल कोर की टुकड़ी ने सैनिक को अंतिम विदाई दी। सेना के अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़या। वही अंतिम यात्रा में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने मृतक सैनिक को पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद अध्यक्ष खेतवाल ने व्यापारी को भी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर के सैकड़ों व्यापारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## मेयर दीपक बाली ने कांवड़ियों की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने आज यहां रामलीला मैदान में शिवभक्त कांवड़ियों को हरिद्वार ले जाने के लिए निशुल्क बस को झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी को उनकी सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हर



हर महादेव के नारों से आसमान गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवर लेने हरिद्वार जा रहे शिव भक्तों की सुविधा के लिए महापौर दीपक बाली ने अपनी तरफ से 19, 20 व 21 फरवरी को तीन दिनों तक प्रतिदिन एक-एक बस निशुल्क हरिद्वार भेजने की व्यवस्था की है। शिव भक्तों को नगर निगम ऑफिस से चौधरी समरपाल सिंह द्वारा प्रातः 10 बजे से टिकट मिलेंगे जिसे लेकर वे दिन में 1 बजे रवाना होने वाली बस में बैठकर हरिद्वार जा सकेंगे। आज इस बस को महापौर दीपक बाली ने रामलीला मैदान से झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर लवीश अरोरा, चौधरी समरपाल सिंह, राहुल पैगिया, जसवीर सिंह सैनी, बिट्टू राणा, चेतन अरोरा, साहब सिंह, रजत सिद्धू, पार्षद पुष्कर बिष्ट, विजय बॉबी सहित दर्जनों शिव भक्त मौजूद थे।

# गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## तहसील दिवस में आयीं कुल 72 शिकायतें, अधिकतर का मौके पर ही निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने यहां विकास खण्ड सभागार में आयोजित तहसील दिवस में अधिका. रियों को दिये।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न



लगाना पड़ें। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को सामाधान की ओर ले जाकर निस्तारण करें। विकास खण्ड सभागार में आयोजित तहसील दिवस में बिजली, सड़क निर्माण व मरम्मत, जल निकासी, राशन कार्ड, अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित 72 शिकायतें पंजीकृत हुईं जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समयबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु समय-समय पर तहसील दिवस को आयोजन किया जाता है। तहसील दिवस में समस्या जिले स्तर के अधिकारियों के सम्मुख आने से उनके द्वारा त्वरित निस्तारण भी किया जाता है। इस अवसर पर 38वें नेशनल खेल के अन्तर्गत मॉडर्न पेंथालॉन प्रतियोगिता में काशीपुर निवासी गोल्ड मेडल विजेता सक्षम प्रताप सिंह, नीरज नेगी, आदित्य नेगी व रजत पदक प्राप्तकर्ता करन नेगी को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त विवेक राय, उप जिलाधिक. ारी अभय प्रताप सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, तहसीलदार पंकज चन्दोला, खण्ड विकास अधिकारी कमल किशोर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत के लोकतांत्रिक भविष्य को सुदृढ़ करेगा: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने कहा है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत में चुनावी प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसकी पहल पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने शुरू की थी जिसे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़ाया।

इस नीति के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार किया जा रहा है, जिससे देश की प्रशासनिक स्थिरता, आर्थिक प्रबंधन और सुशासन को मजबूती मिलेगी। महापौर श्री बाली और पार्षदों ने इस संबंध में आज एक प्रस्ताव पारित कर महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। आज नगर निगम स्थित सभागार में मीडिया से मुखातिब मेयर श्री बाली ने इस पहल के प्रमुख लाभ



बताते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से अविरल विकास कार्य होंगे। बार-बार चुनाव होने से आचार सं. हता लागू होती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव से सरकारें निर्बाध रूप से विकास योजनाओं को लागू कर सकेंगी। व्यय में कटौती होगी। बार-बार चुनाव कराने से सरकारी मशीनरी, सुरक्षाबल और शिक्षकों को चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त रहना पड़ता है, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं। यदि चुनाव एक साथ होंगे, तो मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इस दौरान पार्षद पुष्कर विष्ट, अनिता कांबोज, वैशाली गुप्ता, रवि प्रजापति, बीना नेगी, अंजना, कुलदीप शर्मा, सीमा सागर, अशोक सैनी, अनूप सिंह व ममता शाहिद, लवीश अरोरा, राहुल पैगिया, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, बिट्टू राणा आदि भी मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने सीखे कृत्रिम बुद्धिमता के गुर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में जिले के राजकीय जूनियर हाइस्कूल के शिक्षकों का पांच दिवसीय आईसीटी आधारित सेवारत प्रशिक्षण के तृतीय



और अंतिम बैच का समापन हो गया। विगत पांच दिनों से चल रहे इस प्रशिक्षण में शिक्षकों ने ब्लेंडेड एजुकेशन के विभिन्न टूल्स, क्लाउड स्टोरेज, वर्ड प्रोसेसर, स्प्रेडशीट, मूल्यांकन टूल्स, ड्राइंग टूल्स, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, ऑडियो और वीडियो टूल्स, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्रिएटिव कॉमन्स, साइबर हाइजीन और साइबर सुरक्षा जैसे कई विषयों पर गुर सीखे। आज समापन दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए प्राचार्य एलएम पाण्डेय ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षक अपने शिक्षण को और भी प्रभावी और रुचिकर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि ब्लेंडेड शिक्षण और आर्टिफिशियल इंटलीजेंस वर्तमान समय की मांग है और शिक्षक इसे अपने शिक्षण में प्रयुक्त कर अधिगम को और प्रभावी बना सकते हैं। कार्यक्रम समन्वयक डा. बीसी पाण्डेय ने बताया कि इस अभिनव प्रशिक्षण को डायट अल्मोड़ा में कुल तीन चरणों में चलाया गया और जनपद के समस्त जूनियर हाइस्कूलों तक इस प्रशिक्षण को पहुंचाने का लक्ष्य प्राप्त किया गया। अंतिम चरण में जिले के विभिन्न विकासखंडों के 55 शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में संदर्भदाताओं दीपक पाण्डेय, भास्कर जोशी, प्रकाश भट्ट, सुरेन्द्र गोस्वामी और गौरव तड़ागी ने प्रशिक्षणार्थियों को आईसीटी के विभिन्न विषयों पर टिप्स दिए। वहां डायट से कार्यक्रम के सह समन्वयक हरिवंश बिष्ट, डा. सरिता पाण्डेय, डा. हेमलता धामी, डा. प्रकाश पंत, डा. नीलेश उपाध्याय, मंजू शर्मा, प्रकाश जोशी, कल्याण मनकोटी, पूनम वर्मा, जगदीश उपाध्याय, उमा डोनियाल, नमिता चौधरी, कमला बिष्ट, चंदन बोरा, पुष्कर सिंह, तपन कुमार समेत तमाम प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी में सड़े हुए अंडे बांटने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में लाभार्थी को सड़े अंडे बांटने के मामले से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग की ओर से सुप. रवाइजर को केंद्र में भेजकर मामले की पूरी जांच कराई है। बता दें कि मंगलवार को देवीधूरा गांव में एक धात्री महिला लाभार्थी को केंद्र से सड़े अंडे देने का मामला सामने आया था, जिसके बाद लाभार्थी के पति की ओर से केंद्र को सड़े हुए अंडे वापस कर दिए थे। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद सुपरवाइजर को केंद्र का निरीक्षण कर मामले की जांच करने के निर्देश दिए। बुधवार को बाल विकास विभाग की सुप. रवाइजर कमला रैक्वाल ने केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की कार्यकर्ता व सहायिका से पूछताछ की, साथ ही शिकायत कर्ता से भी वार्ता कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि देवीधूरा आंगनबाड़ी केंद्र के तहत 6 लाभार्थी पंजीकृत हैं। जिसमें चार धात्री महिलाएं और दो बच्चे हैं। बताया कि सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से लाभार्थी धात्री महिला को फूटे अंडे चले गए थे, जिनमें दुर्गंध आयी थी। लाभार्थी की ओर से अंडे वापस कर दिए गए हैं। लाभार्थी को नए अंडे दे दिए जाएंगे। बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ती व सहायिका को भी भविष्य में ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सहायिका को बच्चों को घर से लाने व पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं।

## फालोअप प्रशिक्षण का द्वितीय बैच प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**द्वाराहाट।** बीआरसी में एफएलएन पर दो दिवसीय फालोअप प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का अनुभवात्मक प्रशिक्षण बुधवार को प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के दूरस्थ संकुल रियूनी, द्वारसो, कुंवाली, जाललीएवं बिन्ता के 25 विभिन्न विद्यालयों के 26 अध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर मनोज पंत एवं डा. चम्पा बिष्ट द्वारा



एफएलएन प्रशिक्षण का प्रारम्भ मां सरस्वती वंदना, निपुण गीत एवं निपुण प्रतिज्ञा के साथ कराया गया। विद्वान मास्टर ट्रेनरों ने फालोअप बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य पर फोकस करते हुए अपने अपने विद्यालय में शिक्षकों द्वारा करायी जा रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को एलएसआरडब्ल्यू (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) विधि एवं गणित दक्षता प्राप्त करने के लिए ईएलपीएस (अनुभव, भाषा, चित्र, प्रतीक) विधि का प्रयोग करते अधिगम कराने हेतु बेहतर प्रयास करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में अकादमिक गतिविधियों में पुस्तकालय निर्माण, पुस्तकों का चयन एवं स्तरीकरण, सीएलएमसी गठन करते हुए उनका सुचारु संचालन कराने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। इस दौरान मनोज पंत, डा. चम्पा बिष्ट सहित हेमन्त कुमार, रेनु दरमोली, वीर सिंह, योगेश कुमार, सुरेश कुमार, गोविन्द लाल, मनीष वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, पूजा अग्रवाल सहित तमाम शिक्षक गण एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से लच्छी महर मौजूद थे।

# हल्द्वानी से हैड़ाखान तक पकड़े रोमियो

## एसपी सिटी व सीओ ने सड़क पर उतरकर संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लगातार चल रहे ऑपरेशन रोमियो अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते मंगलवार की रात्रि शहर में चलाए गए ऑपरेशन रोमियों

### 250 लोगों की चेकिंग, 11 पर लगाया जुर्माना

अभियान में इस बार एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र पूरी टीम के साथ सड़क पर उतरकर मोर्चा संभाला और शहर की सड़कों से लेकर जंगलों में पार्टी करने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 250 लोगों की चेकिंग करते हुए 11 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 81 पुलिस अधि. नियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई और 5500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में बीते मंगलवार को पुलिस टीम ने हल्द्वानी, ठंडी सड़क, रेलवे स्टेशन काठगोदाम, नारीमन और हैड़ाखान क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी की।



इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हिंसा, हुड़दंग, और अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना था। बता दें कि एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर यह अभियान पूरे जिले में लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई करती है। मंगलवार को एसपी सिटी के नेतृत्व में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, हल्द्वानी कोतवाल राजेश कुमार यादव और काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम और पीएसी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने, महिलाओं से छेड़छाड़ करने और बिना किसी वजह से बाइकों पर हंगामा करने वालों की सख्ती से पहचान की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 250 लोगों की चेकिंग की। इनमें से 11 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 81 पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई और 5500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने इन लोगों को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा हुई तो और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस टीम के अलावा बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता, एसआई अनिल कुमार, एसआई कृपाल सिंह, एसआई देवेन्द्र सिंह राणा, और महिला चीता कर्मी व पीएसी के जवान शामिल थे।

## सड़कों का काम है गतिमान: नगर आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त हल्द्वानी नगर निगम ऋचा सिंह ने अवगत कराया की हल्द्वानी नगर क्षेत्रन्तर्गत सड़क मार्गो में गड्ढों में पैचवर्क का कार्य, डामरीकरण, सीसी मार्ग निर्माण, सड़क पुनर्निर्माण, सड़कों की मरम्मत का कार्य लगातार गतिमान है। यह कार्य नगर निगम हल्द्वानी के साथ ही लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भी यह कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानों में कार्य पूर्ण हो गए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि विगत दिसंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हल्द्वानी नगर निगम द्वारा नगर अंतर्गत 4 करोड़ 71 लाख 16 हजार रुपए की लागत से 28 जॉब में सड़क मरम्मत, सड़क निर्माण, सुधारीकरण गढ्ढा भरान सीसी मार्ग निर्माण के कुल कार्य 28 कार्य कराए गए। जिनमें से वर्तमान तक अधिकांश कार्य पूर्ण हो गए हैं शेष में कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने अवगत कराया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भी विभिन्न स्थानों में सड़क सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा है। मौसम अनुकूल होने पर डामरीकरण एवं हॉटमिक्स का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# यूओयू को एनसीवीईटी से मिली मान्यता

### कौशल-आधारित शिक्षा के लिए बड़ा कदम: प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता मिल गई है। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्राप्त हुई है। यह मान्यता विश्वविद्यालय को पुरस्कार देने वाली संस्था-दोहरी मान्यता के रूप में मिली है। जिससे विश्वविद्यालय को कौशल-आधारित कार्यक्रमों की शुरुआत करने का रास्ता मिलेगा। खास बात यह है कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय राज्य का पहला विश्वविद्यालय और भारत का पहला राज्य मुक्त विश्वविद्यालय है जिसे यह मान्यता मिली है। प्रो. नेगी ने बताया कि विश्वविद्यालय अब राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा के तहत कौशल-आधारित कार्यक्रम शुरू करेगा। इस दिशा में जुलाई 2024 में विश्वविद्यालय हल्द्वानी में राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि अब विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा के दिशानिर्देशों के अनुसार कौशल-आधारित कार्यक्रमों को शुरू करेगा। जिससे व्यावसायिक शिक्षा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पिछले नौ महीनों से इस मान्यता के लिए प्रयासरत था। प्रो. श्री नेगी ने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय की पूरी टीम व विशेषकर प्रो. जितेन्द्र पांडेय, प्रो. पीडी पंत को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के सफल परिणाम के लिए बधाई दी।



## लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने मेयर से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी व उपाध्यक्ष मधुकर श्रोतीय, महासचिव मुकेश गुप्ता और अन्य पदा. धिकारियों ने नवनिर्वाचित मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की। इस दौरान लायन्स क्लब के सदस्यों और व्यापारी नेताओं ने मेयर द्वारा शुरू किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने नगर की सड़कों, बिजली और पानी की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग भी की। डा. अग्रवाल ने बाजारों में अतिक्रमण के मुद्दे पर भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों के सामने तखत लगाकर भारी भरकम किराए पर बेच रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने मेयर से ऐसे व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, मुकेश गुप्ता, मधुकर श्रोतीय, निशुल अग्रवाल, अनुज कांत अग्रवाल, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।



# अतिक्रमण हटवाते रहो मेयर साहब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के एक शिष्टमंडल ने नगर निगम के नवनियुक्त मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की और

### व्यापारियों के शिष्टमंडल ने गजराज बिष्ट को सौंपा ज्ञापन

जनहित से संबंधित कई प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए ज्ञापन सौंपा।

जिसमें व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन से बाजारों को ठेला फड़ मुक्त करने और दुकानों के आगे अतिक्रमण विरोधी अभियान को निरंतर जारी रखने की मांग की है, ताकि बाजार सुव्यवस्थित हो सके। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में ठेलों पर कारोबार करने वालों का नगर निगम द्वारा सत्यापन अनिवार्य करने, ठेलों को केवल नगरनिगम द्वारा चयनित वेंडिंग जॉन में ही स्थापित करने, बाजार क्षेत्र और अन्य खाली पड़ी जगहों में दुपहिया पार्किंग और महिलाओं के लिए हाईटेक शौचालय निर्माण की मांग की है। इसके साथ ही शहर में आवारा जानवरों, विशेष रूप से कुत्तों, के बढ़ते खतरों को लेकर मेयर से त्वरित धर-पकड़ अभियान चलाने का अनुरोध किया। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान में किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी और आवारा जानवरों को रखने के लिए चिन्हित की गई जमीन पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा जनहित के कार्यों में व्यापार मंडल से सहयोग लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पंकज कपूर, पूरन लाल साह, नरेंद्र साहनी, प्रब्जोत चन्डोक, प्रज्ञान भारद्वाज, अशोक वार्ष्णेय, पार्षद राजेन्द्र मुन्ना, अस्मित गुजराल, राकेश दुआ, नुसरत सिद्दिकी, मुनेश अग्रवाल, जीसान अहमद, कुंदन रावत, संजय वर्मा, चमन गुप्ता, महबूब अली, रामप्रसाद कश्यप, नितिन दुआ, अंशुल गुप्ता मौजूद रहे।



## पार्षद ने बढ़े हुए पानी के बिल पर अधिकारियों से की वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड पेयजल निगम कार्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें वार्ड-59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने पानी के बढ़े हुए बिल के संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा की। पार्षद ने अधिकारियों से



इन बिलों में कमी की मांग की। इस मौके पर एई यतेन्द्र सिंह रावत और जेई महेश चंद्र ने बताया कि मार्च माह में पानी के बिलों में संशोधन किया जाएगा और मार्च तक सभी उपभोक्ताओं के बिल कम कर दिए जाएंगे। बैठक में पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने वार्ड में पानी की लाइनों में हो रही लीकेज की समस्या को भी उठाया और अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की। इस बैठक में खालिद हुसैन, त्रिलोक सिंह, फिरोज खान, शहीद समेत जल निगम के अधिक. ारी व कर्मचारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दयानिधि मारन के बयान की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय और श्री महादेव गिरि संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय देवलचौड़ में छात्रों और आचार्यों ने डीएमके सांसद दयानिधि मारन द्वारा संसद में संस्कृत भाषा को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने सांसद से लिखित रूप से माफी मांगने की मांग की। इस दौरान संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री डा. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि दयानिधि मारन ने संस्कृत जैसी प्राचीन और गौरवमयी भाषा का अपमान किया है, जो भारत की आत्मा मानी जाती है, और यह कत्तई स्वीकार्य नहीं है। डा. राजेश जोशी ने भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि सांसद को लिखित रूप में माफी मांग. नी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में संस्कृत का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा. कृष्ण चंद्र जोशी ने कहा कि दयानिधि मारन के बयान से पूरे देश में संस्कृत प्रेमियों में आक्रोश है और जब तक वह माफी नहीं मांगते, विरोध जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में डा. चंद्र बल्लभ बेलवाल, डा. राकेश चंद्र गुणवन्त, डा. कैलाश चंद्र सनवाल, महेश चंद्र जोशी, राक. ेश पंत, राजकुमार पांडेय, कंचन जोशी, भवानी दत्त सहित सैकड़ों छात्र शामिल थे।



## पति व बच्चे छोड़ महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** एक महिला अपने दो छोटे बच्चों और पति को छोड़कर घर से लापता हो गई है। पीड़ित पति ने काठगोदाम थाने पहुंचकर महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी। हल्दीखाल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी एक व्यक्ति ने काठगोदाम थाने में तहरीर सौंपते हुए कहा कि 11 दिसंबर 2024 को उनकी 24 वर्षीय सीमा घर से बिना बताए घर से अचानक चली गईं और तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। उसने बताया कि हर जगह खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# स्मैक, चरस व शराब के साथ चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 4 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके

### लालकुआं व भीमताल पुलिस ने पकड़े तस्कर

खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

पकड़े गए नशा तस्करों के पास से नशा तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन को भी सीज किया। जानकारी के अनुसार लालकुआं कोतवाली पुलिस कोतवाल दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई सोमेन्द्र सिंह व एसआई शंकर नयाल अलग-अलग स्थानों पर बीती रात्रि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस टीम ने के दौरान ऋषिपाल कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप निवासी कादरगंज थाना फतेहगंज जिला बरेली को बेरीपड़ाव मन्नू की झोपड़ी के पास से 51 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी संख्या यूके06जेड-0205 को भी सीज किया। जबकि वीआईपी गेट लाल. कुआं सुभाषनगर निवासी धीरज पुत्र सर्वेश को सुभाषनगर बैरियर जंगल से 106 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं एसआई सोमेन्द्र सिंह ने सुभाषनगर बैरियर के पास ही चैकिंग के दौरान हिमांशु शुक्ला पुत्र स्व. रामचन्द्र शुक्ला निवासी पश्चिम राजीवनगर को 280 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने चरस तस्कर के पास से तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया। जबकि भीमताल थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में एसआई गगनदीप मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी टीम ने बईपास तिराहा प्रतीक्षालय भीमताल के पास से अर्जुन कुमार निवासी वार्ड नंबर-6, कुआंताल, भीमताल को 4.15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी चारों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।



## एक नजर

### सातवें दिन भी धरने पर रहे वन आरक्षी

**नैनीताल।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर वन विभाग के दक्षिणी कुमाऊं वृत्त से जुड़े वन आरक्षियों ने बुधवार को लगातार सातवें दिन वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के दफ्तर के प्रांगण में धरना प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कहा कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन चलाने के बाद भी उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई न होना गंभीर चिंता का विषय है। कहा कि जल्द ही मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन तेज करना उनकी विवशता होगी। इस दौरान नंदा प्रसाद अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग, नितिन पाण्डेय अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभाग समेत दीपक बिष्ट, मनप्रीत सिंह, कमलेश तिवारी, संदीप सिंह, बबिता आर्या, चित्रा जोशी, ज्योति जोशी, गोविंद बिष्ट, मुन्नी दानू, गोधन सिंह, महेंद्र चम्याल, सोनू बिष्ट, भुवन आर्य, ठाकुर सिंह, सुख देव, नारायण तथा ज्योति आदि वन आरक्षी मौजूद थे।

### हल्द्वानी में सरस मेला एक मार्च से

**नैनीताल।** जिले के विकास भवन भीमताल सभागार में बुधवार को जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में सरस मेले के आयोजन के संबध में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मेले के आयोजन की विभिन्न तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया कि आगामी 1 मार्च शनिवार से 10 मार्च सोमवार तक एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में सरस मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्तराखंड समेत देश के अन्य राज्यों के एसएचजी समूह प्रतिभाग कर अपने उत्पादों से संबंधित स्टाल आदि लगाएंगे। सरस मेले के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु कमेटी का गठन भी किया गया है। बैठक में एपीडी चंद्रा फर्त्याल ने बताया कि मेले में कुल 250 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमें उत्तराखंड से 117 एनआरएलएम महिला समूह सहित 74 स्टॉल अन्य राज्यों के लगाए जाएंगे। बैठक में सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरोवर नगरी में पश्चिमी विक्षोभ का असर

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार देर शाम से नजर आने लगा है। मौसम विभाग की माने तो गुरुवार (आज) को हल्की वर्षा के साथ ओलावृष्टि होगी। राज्य मौसम विभाग देहरादून के विज्ञानी डा. रोहित थपलियाल के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चला है, जिसका असर शुक्रवार तक जारी रहेगा। 28 सौ मीटर से ऊंचाई वाले हिस्सों में हिमपात की संभावना रहेगी। कुछ हिस्सों में अंधड़ भी उठेंगे जबकि अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश अथवा बौछार की बारिश की संभावना रहेगी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में इसका असर रहेगा। गुरुवार (आज) को सर्वाधिक असर देखने को मिल सकता है जबकि शुक्रवार को अधिकांश हिस्सों में असर नहीं रहेगा। इस बीच ठंडर स्टोर्म के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी रहेगी। इधर नगर में सुबह के समय चटक धूप खिली हुई थी। दोपहर बाद बादलों का छाना शुरू हो गया और देर शाम आसमान घने बादलों से घिर गया। जिस कारण वर्षा के आसार नजर आने लगे थे।

# हीरानगर योगा पार्क में औषधीय पौधों का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** योगा पार्क हीरानगर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण प्रेमी और जड़ी-बूटी विशेषज्ञ, रिटायर्ड रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने निशुल्क औषधीय पौधों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने इन पौधों की विशेषताओं और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में हरसिंगार, कासनी, अश्वगंधा, स्टीविया, आवला, तेजपत्ता, कागजी नींबू जैसे औषधीय पौधों का वितरण किया गया, जो प्राकृतिक उपचार और सेहत के लिए अत्यधिक लाभकारी माने जाते हैं। मदन सिंह बिष्ट ने इन पौधों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ये पौधे न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में मदद करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ भी प्रदान करते हैं। पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू ने इस अवसर पर कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रकृति को संरक्षित रखना और लोगों की सेहत को सुधारना है। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक सकारात्मक कदम बताया, जो स्थानीय समुदाय को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम में कृति तिवारी, रजत बिष्ट, रवीन्द्र बिष्ट, धीरज तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।



## नाव चालकों को जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगरपालिका सभागार में बुधवार को लीड बैंक की ओर से नाव मालिक समिति के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर लीड बैंक के अक्षय हयांकी और सौरभ कुमार ने नाव मालिक समिति को ऑनलाइन



माध्यम से पेमेंट लेने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। इस दौरान नाव मालिक समिति ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कहा कि वह लोग ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट लेने में असमर्थ हैं क्योंकि उन्हें प्रतिदिन कर्मचारियों को पेमेंट करना होता है जिस कारण ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट लेने में उन्हें दिक्कत होती हैं। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी (प्रथम) दीपक गोस्वामी ने बताया कि नाव चालकों और रिक्शा वालों ने ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट लेने में आपत्ति जताई है लेकिन अगले माह से पार्किंग, टोल और टैक्स कलेक्शन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान अमन महाजन, विक्रम सिंह बिष्ट तथा नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 229वें दिन भी जारी रहा। बता दें बुधवार को महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पूर्व में लगाए गए पौधों में पानी व खाद डालकर रख रखाव किया साथ ही विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र थापा तथा दीपक सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## सभासद गज़ाला कमाल ने जिलाधिकारी को बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल ने जिला. धिकारी वंदना सिंह से मुलाकात की। उन्होंने नैनीताल नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के बारे में चर्चा कर उनके जल्द समाधान की गुजा. रिश की। उन्होंने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपे। सभासद गजाला कमाल के मुताबिक डीएम वंदना सिंह ने सभी समस्याओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए हैं। सभासद गजाला कमाल ने नगर में दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल, थैरेपी सेंटर व मनोरंजन के लिए पार्क की मांग की। सुझाव दिया कि राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के समीप स्थित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में दिव्यांग बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मुहैया हो सकते हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज करायी कि वह इस अहम मुद्दे को लेकर बीते 6 वर्षो से संबंधित सरकारी महकमों से पत्राचार कर चुकी हैं लेकिन कोई भी महकमा मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा। उन्होंने सूखाताल वार्ड में 6 सोलर लाईटों की मांग को भी प्राथमिकता से डीएम वंदना सिंह के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि शहर के उन नालों के रख रखाव के लिए विशेष नाला ट्रीटमेंट प्लान बनाया जाए जो वर्षभर गंदगी से पटे रहते हैं। सभासद गजाला कमाल ने बदलते दौर में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर नगर के कुछ महत्वपूर्ण चौराहों में मोबाईल चार्ज सेंटर स्थापित करने की भी गुजारिश की।

# बौद्धिक सम्पदा पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित जैव प्रौद्योगिकी विभाग में बुधवार को बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय के द्वारा उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत ने विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकार पर प्रकाश डालते हुए अपने शोध आविष्कारों का पेटेंट करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कुलपति प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जो नवीन तकनीक और खोज की दिशा में कार्य करेंगे को विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय पोषण किए जाने की भी घोषणा की। विश्व. विद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने बौद्धिक संपदा के संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

विशिष्ट अतिथि और कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय के सह नियंत्रक डा. राजू तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में पेटेंट प्रणाली की सरलीकरण की जानकारी दी गई। कार्यशाला की मुख्य संयोजक प्रो. वीना पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का प्राथमिक मकसद युवा शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों को बौद्धिक संपदा अधिकार की बुनियादी सिद्धांतों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, वर्तमान में की जारी विभिन्न अनुसंधानों को सुरक्षित करने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रचलित नियमों के अनुसार पेटेंट की पद्धति के बारे में कार्यशाला में जानकारी दी गई। कार्यशाला में भीमताल परिसर निद. ेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फार्मेसी प्रो. अनीता सिंह, डीन एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. अर्चना नेगी साह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन नैनवाल, डा. रिशेंद्र कुमार, डा. संतोष उपाध्याय, मंजू तिवारी, डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, हीरा किरौला, प्रेम सिंह बिष्ट व आनंद सिंह सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## दस दिन बाद होनी थी शादी, परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शादी से करीब दस दिन पहले एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत ने घर की खुशियां मातम में बदल दी । बताया जाता है कि युवक अपनी शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहा था। कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

■ **पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया**

मिली जानकारी के अनुसार नेताजी सुभाष कॉलोनी ट्रांजिट कैंप निवासी लक्की देव पुत्र छेदालाल सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। उसकी एक मार्च को शादी होनी थी, जिसकी तैयारियों के सिलसिले में वह बाइक पर सवार होकर गत सायं अपनी शादी के कार्ड बांट रहा था। जब वह आवास विकास शक्ति बिहार रोड पर पहुंचा तभी तेज गति से जा रही कार के अज्ञात चालक ने उसकी बाइक को जोर से टक्कर मार दी, जिससे लक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। राह गुजरते लोगों ने उसे उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक लक्की देव चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे। सूचना मिलने पर एसआई डीसी भट्ट और रमेश चंदौला ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गौसदनों में मानकों के अनुसार रखें शरणागत गोवंश: जिलाधिकारी

■ **राजकीय भूमि पर प्रस्तावित गोशाला/ शरणालयों की अद्यतन प्रगति समीक्षा की**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने निराश्रित गौवंश एवं स्वान पशु कल्याण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त गौसदनो में शरणागत गौवंश को मानकों के अनुसार रखने के निर्देश दिए। साथ ही राजकीय भूमि पर प्रस्तावित गौशाला/ शरणालयों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि सर्वे के अनुसार जनपद में 7400 निराश्रित गौवंश चिन्हित हैं। जनपद में पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त पांच गौसदन संचालित है, जिसमे श्री राधे कृष्ण गौसदन ट्रस्ट बाजपुर में 1141, श्री गौलोक धाम कनकपुर में 163, श्री कृष्ण प्रणामी महराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट सितारगंज में 424, श्री नित्यानंद पाद आश्रम हल्दी घेरा खटीमा अंतरिम व्यवस्था में 299, श्री राधे कृष्ण गौसन ट्रस्ट गुलजारपुर बाजपुर में 181 गौवंश शरणागत है। उन्होंने बताया कि छह गौसदन निकायों के अंतर्गत शासकीय भूमि पर प्रस्तावित है। जिनमे नगर निगम रुद्रपुर के लम्बाखेड़ा, काशीपुर में कचनाल गुसाई, नगर पंचायत महुआडाबरा में महुआडाबरा, नगर पालिका गदरपुर में बरीराई, जिला पंचायत के गुलजारपुर में, जिला पंचायत की भूमि हल्दीघेरा में प्रस्तावित है, जिनकी डीपीआर शासन को प्रेषित की गई है।

जिलाधिकारी ने नगर निकायों को गौशालाओं व पशु परिवहन हेतु लिफ्टिंग वाहन का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रख कर पास कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई स्वयंसेवी संस्था स्वयं गौशाला संचा. लित करना चाहती है तो उन्हे पूर्ण सहयोग व सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों को स्वान पशुओं की संख्या को निर्यंत्रित करने हेतु स्वान पशुओं का बधियाकरण हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर में स्वान पशुओं के बधियाकरण हेतु एबीसी सेंटर संचा. लित है जिसमे स्वान पशुओं का बधियाकरण किया जा रहा है। वही काशीपुर में एबीसी सेंटर निर्माणाधीन है उसमे भी शीघ्र स्वान पशुओं का बधियाकरण किया जाएगा।

नगर आयुक्त रुद्रपुर ने बताया कि नगर निकाय रुद्रपुर में 7200 स्वान पशु चिन्हित है जिसमे से संचालित एबीसी सेंटर में स्वयं सेवी संस्था द्वारा बधियाकरण का कार्य किया जा रहा है, अब तक 300 स्वान पशुओं का बधियाकरण किया जा चुका है। शेष स्वान पशुओं का बधियाकरण किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्रता से स्वान पशुओं के बधियाकरण कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर के स्वान पशुओं का शीघ्रता से बधियाकरण कर नगर निगम रुद्रपुर के आस-पास के निकायों से भी अनुबन्ध कराकर स्वान पशुओं का बधियाकरण कराया जाए। उन्होंने काशीपुर में शीघ्र एबीसी सेंटर संचा. लित कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी स्वान पशु भूखा न रहे इसलिए सभी निकाय स्वान पशुओं के भोजन हेतु ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां पर आबादी कम हो व गंदगी भी न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी सहित नगर आयुक्त, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नगर, सभी उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## एक नजर

### डीएम ने की आबकारी विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में आबक. ारी विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी बकायेदार हैं, उनसे वसूली के लिए राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर वसूली कराएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में



जिन मदिरा की दुकानदारों द्वारा फर्जी कागजात लगाकर दुकाने ली थी व दुकानों राजस्व नहीं दिया है, तो उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि मदिरा की जिन दुकानदारों द्वारा राजस्व जमा नहीं किया जा रहा है उन मदिरा दुकानों का नवीनीकरण भी न किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर आयुक्त आबक. ारी डीएस गर्ब्याल, संयुक्त निदेशक आबकारी टीके पंत, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य सड़क मार्गो की साफ-सफाई करें सुनिश्चित: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड पर्यटन प्रदेश है, पुरे कुमांऊ क्षेत्र में जनपद उधमसिंह नगर से ही होते हुए पर्यटक आवागमन करते है, इसलिए सभी निकाय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, एनएचएआई, लोनिवि, खण्ड विकास अधिकारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र के शहरों, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य सड़क मार्गो के किनारे कूड़ा, गन्दगी स्थान चिन्हित करते हुए सफाई अभियान चलाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहरो व सड़क के आस-पास कूड़ा, गन्दगी होने से पर्यटको व क्षेत्रीय जनता में नकारात्मक संदेश जाता है इसलिए संयुक्त अभियान चलाकर शहरों व सड़क मार्गो की सफाई की जाए। कूड़ा स्थानों की सफाई के पूर्व व उपरांत की फोटोग्राफी कराते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गो में सफाई न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए परियोजना निदेशक एनएचएआई को तुरंत सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही जनपद में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वृहद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री भी जनपद से वृहद सफाई अभियान का शुभारंभ के साथ ही लोकार्पण, शिलान्यास तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व सामग्री वितरण आदि करेंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी कले. गौरव पांडेय, अधिशासी अभियंता लोनिवि ओपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध सहित सभी उपजिलाधिकारी, पीडी एनएचएआई व अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

### पुलिस ने एक मोबाइल चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर ।** कोतवाली पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। दया किशन मिश्रा निवासी एल आई सी रोड रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी एलआईसी रोड रामनगर स्थित दुकान से उसका मोबाइल चोर कर लिया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा



आरोपी अनस निवासी ग्राम बेड़ाझाल रामनगर को मुखबीर की सूचना पर रेलवे पड़ाव के खाली मेदान से चोरी के मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट ने आरा. ेपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई सुरभि राणा, कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह, संजय सिंह, राशिद शामिल रहे।

# कुरान की शिक्षा लेने वाले सात विद्यार्थियों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मदरसा रहमानिया में तालीमी कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी आयोजित की गई। जिसमें कुरान की शिक्षा लेकर जाने वाले सात विद्यार्थियों की दस्तार बंदी हुई। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कुरान पढ़ने से हुई। आस पास के उलेमाओं ने लोगों को शिक्षा, अमन व शांति का पैगाम दिया।

इस दौरान मुफ्ती शरीफ खान मिस्बाही ने कहा कि कुरान को याद रखने वाले लोग जहां जाएंगे, वहां ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। काजी ए शहर जामा मस्जिद सैय्यद हाशिम अली कादरी ने कहा कि शिक्षा इंसान को बुलंदियों पर पहुंचा देती है। इसलिए हमें हर हाल में शिक्षा हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईमान सबसे बड़ी दौलत है। इसलिए हर में हाल कभी भी ईमान का सौदा नहीं करना चाहिए। मेहमाने खूसूसी मौलाना सगीर अहमद जोखनपुरी ने कहा कि इंसान को अपने आपको बदलना चाहिए, नमाज पढ़ने के साथ ही रोजे रखने चाहिए, झूठ से दूर रहना चाहिए तथा किसी की बुराई नहीं करनी चाहिए। हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। अंत में मदरसा रहमानिया से कुरान की पूरी शिक्षा लेकर जाने वाले सात विद्यार्थियों की दस्तारबंदी हुई।



मदरसा रहमानिया के कारी अल्लामा मौलाना आलम तहसीनी ने अतिथियों का शुक्रिया अदा किया। जिसके बाद पैगामें हक कॉन्फ्रेंस का समापन किया गया। इस मौके पर शायरे हिंदुस्तान नासिर सुभानी कारी अतिकुर रहमान, जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान, आजाद खान, एडवोकेट इकबकल अहमद, हफीजुर्रहमान, नईम रिजवी, जफर खान, विक्की अंसारी, सुहैल रिजवी, सलीम कुरैशी, शकील अंसारी, सलीम अहमद,अकरम कुरैशी, मोहम्मद अहमद,दानिश खान, अदील, अनीस, नुरुल, मकसूद शाह तथा कासिम आदि मौजूद रहे।

# जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से पंद्रह लाख हड़पे

■ **न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज किच्छा के आदेशों के अनुपालन में भूमि खरीद फरोख्त के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा कोतवाली पुलिस द्वारा पंजीकृत किया गया है।

नरेन्द्र सिंह रौतेला पुत्र गिरधर प्रकाश सिंह रौतेला निवासी-आबकारी रानीखेत तहसील-रानीखेत जिला अल्मोड़ा ने बताया कि उसने प्रेम सिंह पुत्र जगत सिंह निवासी वार्ड 3 किशनपुर किच्छा थाना हाल निवासी मकान नं. सी. 95, बी लाजपत नगर साहिबाबाद गाजियाबाद से ग्राम किशनपुर, तहसील-किच्छा के खसरा नं.-412 व 422 रकबा 0.3430 हे. जरिए इकरारनामें के 40,50,000 में क्रय की थी। जिसमें प्रार्थी द्वारा बतौर एडवान्स 15 लाख रुपये चेक के माध्यम से दिए थे। शेष रकम रजिस्ट्री बैनामा के समय 29-06-2022 को अदा करना तय किया था। कई बार प्रेम सिंह से शेष रकम लेकर रजिस्ट्री बैनामा करने के लिए कहा गया, लेकिन वह लगातार अलग-अलग झूठे बहाने बनाकर टालता रहा। जिस पर उसको एक नोटिस 21-08-2024 को दिया था, जिसके बाद में प्रार्थी को पता चला कि उसने धोखाधड़ी कर उपरोक्त भूमि की रजिस्ट्री दिनांक 22-05-2022 को पूर्व में ही किसी नैना जोशी व त्रिलोक जोशी के नाम कर दी गई है। जब प्रेम सिंह के पास जाकर एग्रीमेन्ट के मुताबिक रुपये मय हर्जे खर्च के लौटाने को कहा तो वह कहने लगा कि परेशान मत हो वो मैं आपको पूरी रकम या इसके एवज में अन्य भूमि आपके नाम कर दूंगा। इसके बाद बार-बार रुपये लौटाने के लिए तकादा करता रहा। 11नवंबर 2024 को जब एक बार पुनः तकादा करने के लिए उसके पास अपने मित्र विनोद जोशी के साथ प्रेम सिंह के घर किशनपुर किच्छा गया तो वह आग बबूला होकर गाली गलौच करने लगा तथा बोला कि तुझे जहां जाना है जा मैं रुपये नहीं दूंगा। ज्यादा करेगा तो तुझे जान से मार दूंगा। घटना की तहरीर थाना किच्छा में दी गई, कोई कार्यवाही न होने के कारण एक शिकायती प्रार्थना-पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया गया, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। विवश होकर न्यायालय की शरण में आया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अब विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# चाणक्य लॉ कालेज में साइबर सुरक्षा अभियान पर हुआ व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में योगेंद्र कुमार सागर सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण उद्यम सिंह नगर, मोहम्मद मिराज मुख्य लीगल एड. डिफेस काउंसिल तथा रीता चौहान उप निरीक्षक साइबर सेल शामिल हुए।



सर्वप्रथम चाणव्य लॉ कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर दीपाक्षी जोशी द्वारा कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात रीता चौहान द्वारा साइबर अपराधों की जानकारी दी गई, जिसमें उन्होंने एपीक फाइल, डिजिटल अरेस्ट, साइबर चुमिन जैसे अपराधों को समझाया। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि हमेशा पासवर्ड को आसान नहीं बल्कि स्ट्रांग बनाएं। सोशल मीडिया एप्स पर टू स्टेप्स वेरीफिकेशन अवश्य लगाएं, आर्थिक अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। एटीएम कार्ड के सीबीवी नंबर तथा एक्सपायरी डेट किसी से शेयर ना करें। धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी प्रकार के झासे में ना आए, साइबर अपराधों के प्रति हमेशा जागरूक रहे। फिर भी अगर किसी के साथ कोई साइबर अपराध होता है तो इसकी सूचना तुरंत साइबर अपराध सेल को दें। मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोहम्मद मिराज द्वारा साइबर अपराध से संबंधित आने वाले मामला के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर योगेंद्र कुमार सागर द्वारा बताया गया कि छात्रों को विशेष रूप से साइबर अपराधों के बारे में जागरुक रखना चाहिए और समाज में भी लोगों को जागरुक करना चाहिए। साइबर अपराध के विरुद्ध कानून तो अपना काम करेगा ही, लेकिन हमे भी लोगों तक न्याय पहुंचाना होगा।

अतिथियों का डॉक्टर हरकमल कौर द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक सलीम अहमद, आयशा अमीन, मनप्रीत संधु प्रतिमा सिंह, उपासना तिवारी, डा. सबीना, डा. निशा, आकाक्षा रघुवंशी, दीपाली आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकगणों ने की यूसीसी कानून में बदलाव की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता नियमावली, 2025 (यूसीसी) लागू किया गया है, जिसके तहतविवाह पंजीकरण व वसीयत पंजीकरण आदि कार्यो से अधिवक्ता व दस्तावेज लेखकों को हटा दिया गया है तथा शीघ्र ही सरकार द्वारा रजिस्ट्री बैनामा को भी पेपर लेस करने के नाम पर राज्य में हजारों अधिवक्तागण व दस्तावेज लेखकगणों को उक्त कार्य से अलग किए जाने की तैयारी है। जिससे अधिवक्ता व दस्तावेज लेखकों के आगे रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, जिसका विरोध सम्पूर्ण उत्तराखण्ड के अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक कर रहे हैं।

इसी के संदर्भ में आज एआईजी दफ्तर रुद्रपुर के अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक परिसर में आज बुधवार को रुद्रपुर उप निबंधक कार्यालय में कार्य करने वाले समस्त अधिवक्ता/ दस्तावेज लेखकगणों की आपात बैठक संपन हुई, जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया कि सभी अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता 20 फरवरी से 22 फरवरी शनिवार तक हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि प्रदेश सरकार एडवोकेट व दस्तावेज लेखकों द्वारा किए जाने वाले विवाह पंजीकरण व वसीयत आदि कार्यों को पहले की भांति नहीं करती है तो रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करने वाले सभी अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# मांगों को लेकर डीएफओ से मिले ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्रामीण क्षेत्र के लोग डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामनगर में पर्यटन से जुड़कर कई युवाओं, गांव के लोगों, महिलाओं और पुरुषों को रोजगार मिल रहा है, लेकिन कुछ लोग लगातार चांदनी जोन का विरोध कर रहे हैं।

कहा कि कुछ लोगों द्वारा राजनीति कर चांदनी जोन को बंद कराने की साजिश रची जा रही है। महिला व पुरुषों को गुमराह किया जा रहा है। कहा कि सांसद अनिल बलूनी, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत व रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के प्रयासों से जोन खोलने की तैयारियां की जा रही है। कई नेचर गाइडों को तैनाती मिलेगी। जिप्सी चालक रोजगार से जुड़ेंगे। बताया कि लोग लंबे समय से चांदनी जोन को खोलने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने डीएफओ से जल्द ही ग्रामीणों की मांग को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर मयंक तिवारी, लीलाधर पांडे, राहुल ठाकुर, अमर, अरविंदर पारस, सूरजपाल, अभिषेक तिवारी, दीपक, रमेश, हेम चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# फर्जी प्रमाणपत्र बनाने के मामले में दो के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर ।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी प्रमाणपत्र बनाने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहसीलदार रामनगर कुलदीप पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बाल विकास विभाग से नंदा गोरा योजना के तहत आवेदन करने वाले दो लोगों के आवेदन में संलग्न प्रपत्रों की जांच की गई, तो फर्जीवाड़ा सामने आया है। बताया कि फैजान निवासी बड़ी मस्जिद के पास खताड़ी रामनगर और लईकुरहमान निवासी गुलरघट्टी रामनगर के द्वारा फर्जी आय प्रमाण पत्र बनाया गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौकरी की तलाश में आए अल्मोड़ा के व्यक्ति की संदिग्ध मौत

■ **पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्चरी भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अल्मोड़ा से काम की तलाश में रुद्रपुर आए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक रात को खाना खाकर सोया और उसके बाद नहीं उठा। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्चरी भेजा है। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो पायी। पुलिस उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार नौगांव जैसी अल्मोड़ा निवासी 49 वर्षीय त्रिलोक सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह मंगलवार को काम की तलाश में सिडकुल आया था। काम नहीं मिलने पर उसने सिडकुल की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले अपने परिचित चंदन सिंह से संपर्क किया और काम मिलने तक कमरे में आसरा मांगा। शाम



को त्रिलोक सिंह छोटी मार्केट पंतनगर स्थित चंदन सिंह के कमरे में चला गया। रात को वह खाना खाकर सो गया। सुबह चंदन ड्यूटी के लिए निकला तो त्रिलोक कमरे में ही सो रहा था, बाद में पड़ोसियों ने चंदन को सूचित किया कि उसके कमरे में सो रहे त्रिलोक सिंह की मौत हो चुकी है। सूचना पर एसआई मोहन सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो पायी। पुलिस उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# साइबर क्राइम और डिजिटल अरेस्ट को लेकर किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थारू राज की इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा अभियान एवं साइबर क्राइम और डिजिटल अरेस्ट को लेकर एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया तथा रैली निकालकर आम जनता को जागरूक किया गया।



उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के क्रम में 19 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक साइबर अपराध एवं साइबर डिजिटल अरेस्ट को लेकर जागरूकता रैली कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किया जाना सुनिश्चित है। इसी क्रम में बुधवार को थारू राजकीय इंटर कॉलेज खटीमा में प्रधानाचार्य रविंद्र कटियार की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। वहीं साइबर सुरक्षा अभियान एवं साइबर क्राईम एंड डिजिटल अरेस्ट को लेकर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया और रैली निक. ालकर आम जनता को साइबर सुरक्षा एवं साइबर क्राइम व डिजिटल अरेस्ट की जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया।

चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने हेतु मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी साइबर सेल एवं आईटी सेल के विशेष पुलिस अधिकारी को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए पैनल अधिवक्ता एवं विधिक कार्यकर्ताओं द्वारा रैली एवं कैंप के माध्यम से सचेत किया जा रहा है।

आज के आयोजन में पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। विमलेश शर्मा, चंचल सिंह, स्नेह प्रभा, सुहाना कुरैशी तथा ममता शर्मा आदि अधिवक्ताओं ने साइबर क्राइम तथा उससे बचाव व डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं लोगों को बताया गया कि यह महत्वपूर्ण जानकारी अपने साथ के अन्य लोगों को भी बताए।

इस दौरान पीएलवी विमल कुमार, आरबी सिंह, प्रभु दयाल, लाल सिंह, ठग्गो देवी, भगवती, मीरा, गीता, शर्मा, आशा रानी तथा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय व थारू राजकीय इंटर कॉलेज के लगभग 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कालागढ़ में प्रशिक्षु वन आरक्षियों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला के निर्देशन में डा. नीलम रावत, वैज्ञानिक, इन्जीनियर- एससी, फॉरेस्ट इकोलौजी, क्लाइमेट चेंज एण्ड पौलिसी डिवीजन उत्तराखण्ड स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर देहरादून के द्वारा कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में प्रशिक्षु वन आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में झिरना, कालागढ़ व अदनाला रेंज के स्टाफ के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

डा. नीलम रावत एवं उनके टीम के सदस्य शशांक पुरोहित, अनुभव मौर्य, प्रीतम सिंह के द्वारा उक्त विषय पर विस्तार से जानकारी दी गयी। कम्प्यूटर के माध्यम से प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रयोगात्मक रूप से भी



जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण से पूर्व बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से टीम का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण में इन्दर सिंह बिष्ट वन क्षेत्राधिकारी कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़, महेश चन्द्र जोशी, सुनील कुमार, किशोर चन्द्र शर्मा जफर अली के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। डॉक्टर एलएन ठकुराल वैज्ञानिक रुड़की के नेतृत्व में महाराष्ट्र के 45 अभियन्ता प्रशिक्षु दल को कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ एवं एमपी बिज्लवाण, सेनि.व. क्षे. द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत जल संरक्षण प्रबन्धन विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। कार्बेट टाइगर रिजर्व में जल संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के द्वारा शैक्षिक भ्रमण दल का आभार व्यक्त किया गया।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# आदि कैलाश यात्रा को सुगम बनाने को डीएम ने संबंधित विभागों को दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी आदि कैलाश, ओम पर्वत यात्रा में जाने वाले पर्यटकों/ आगंतुकों के सुविधार्थ ईनर लाईन परमिट जारी किए जाने हेतु एक बैठक जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




यात्रियों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए जिलाधिकारी ने परमिट पास को पूर्व की तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निर्गत करने की बात कही। यात्रा के दौरान शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सुधारने तथा सुचारू रखने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने वेबसाइट को अपडेट रखने के साथ ही यात्रा को पूर्व वर्ष की निर्धारित तिथि से 15 से 20 दिन पहले करने की बात कही। धारचूला क्षेत्र की केरिंग कैपेसिटी को मद्देनजर रखते हुए, उन्होंने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जनपद मुख्यालय पिथौरागढ़ में यात्रियों को अधिक से अधिक ठहराया जाय ताकि मुख्यालय के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके और साथ ही आर्थिकी को गति मिल सके। जिलाधिकारी ने यात्रियों को सुविधा के लिए पुलिस सत्यापन लोकल स्तर से करवाने का आवाहन किया। यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने हेतु एक सर्वे टीम गठित करने के भी आदेश दिए ताकि यात्रा मार्ग में पेयजल, सड़क और शौचालय की व्यवस्था सुव्यवस्थित हो सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रियों के फिटनेस चेकअप अनिवार्य रूप से और शक्ति के साथ किया जाए ताकि उन्हें यात्रा के दौरान गंभीर परिस्थितियों का सामना करने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने सीएमओ को जनपद के जौलीकांग एवं गूंजी में एक-एक चिकित्सक तथा गूंजी में एक एंबुलेंस की तैनाती अनिवार्य रूप से करने के साथ ही सभी आवश्यक स्थानों व टैक्सी में ऑक्सीजन सिलेंडर व आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए ताकि उच्च हिमालयी क्षेत्र में यात्रियों को स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने पर समय पर उपचार मिल सके।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर यात्री दलों के साथ जाने वाले गाइडों को प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार की ट्रेनिंग अवश्य दिलाई जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आर्मी, एस एस बी व आईटीबीपी के साथ समंवय बनाने को कहा ताकि यात्रियों को मेडिकल सुविधाएं समय पर मिल सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जीवन रक्षक संसाधनों के अभाव में किसी भी यात्री की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने होली के उपरांत एक बैठक एआरटीओ, एसडीम धारचूला, नगर पंचायत एवं जितने भी स्टेक होल्डर जो इस यात्रा से जुड़े हैं उनके साथ एक बैठक आहूत करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, उपजिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह, डीडीओ रमा गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी जयराज सिंह नबियाल, आदि उपस्थित थे।

# बाजपुर पुलिस ने किया पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने खुलासा करते हुए बताया कि 15 जून 2023 को बन्नाखेड़ा ग्राम बल्लीगेट निवासी रवि सिंह पुत्र रमेश सिंह ने पुलिस को सूचना दी उसकी 15 वर्षीय नाबालिक बहन जो 13 जून 2023 की सायं से गायब है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर विवेचना एसआई वेदप्रकाश सिंह के सुपुर्द की गई।



विवेचक द्वारा उक्त अभियोग में राजेश कुमार पुत्र नरेश निवासी गुलाबगड़ी थाना सोरों जिला कासगंज उ. प्र. का नाम प्रकाश में लाया गया। आरोपी की तलाश और अभियुक्त गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किए गए पता नहीं चला। अभियुक्त की गिरफ्तारी वारंट और कुर्की का आदेश न्यायालय से प्राप्त कर कुर्की की गई। अभियोग की विवेचना उपनिरीक्षक कविंद्र शर्मा के सुपुर्द कर अभियुक्त की गिरफ्तारी और युवती की बरामदगी के लिए टीम गठित की गई। अभियोग में सुरागरसी पतारसी करते हुए मोबाइल सर्विलांस की मदद से अपहर्ता एवं अभियुक्त के श्री गंगा. सागर राजस्थान में होने का पता चलने पर 18 फरवरी 2025 को मय हमराही उप निरीक्षक प्रियंका टम्टा और कांस्टेबल अमित कुमार थाना जवाहर नगर गंगासागर राजस्थान गए, वहां से स्थानीय पुलिस का सहयोग से आरा. ेपी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजेश कुमार को लड़की एवं एक बच्चा और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। अभियोग में धारा 366 आईपीसी की बढ़ोतरी की गई। अपराध महिला सम्बन्धी होने के कारण अभियोग की विवेचना 19 फरवरी 2025 को एसआई कुसुम रावत के सुपुर्द की गई। अपहर्ता के 180 वीएनएसएस के बयान के आधार पर अभियोग में धारा 376 आईपीसी व 5/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की।

पुलिस टीम में बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी, एसएसआई विनोद फर्त्याल, इंचार्ज कविंद्र शर्मा, कांस्टेबल अमित राणा आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### अधिवक्ता संशोधन बिल - 2025 के ड्राफ्ट का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बार एसोसिएशन जिले की बार एसोसिएशन अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध- प्रदर्शन में सहभागिता करते हुए जसपुर के सभी सम्मानित अधिवक्ता कार्यालय में कार्यों से व्रत रहेंगे जसपुर वार सचिव ने विरोध प्रदर्शन में अपनी सहभागिता वार संगठन को करने के लिए सभी अधिवक्ताओं,कातिब,दस्तावेज लेखक ,नोटरी अधिवक्ता एवं टाइपिस्ट से अपील की है।

### उत्तराखंड में एक ही हो भू कानून लागू: अरविंद यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** समजवादी पार्टी यूथ राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा उत्तराखण्ड प्रदेश में क्षेत्रवाद के हिसाब से भू कानून लाकर पर्वतीय और तराई के बीच दरार डालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक प्रदेश में क्षेत्र के हिसाब से कानून लाना बाबा साहब के संविधान की अवहेलना की जा रही है एव क्षेत्रवाद पैदा करने की साजिश रची जा रही है। ये प्रदेश का अमन चैन को भंग करने का भी प्रयास है समाजवादी पार्टी मांग करती है, एक प्रदेश में एक ही कानून लागू होना चाहिए, अन्यथा समाजवादी पार्टी भू कानून का विरोध करेगी।

### पुलिस ने आबकारी अभियोग से संबंधित करीब तीन हजार लीटर कच्ची में अंग्रेजी शराब की नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा माल निस्तारण अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंह ढकरियाल के नेतृत्व में पुराने आंकड़ों का अवलोकन कर न्यायालय के समक्ष प्रभावी पैरवी करते हुए कोतवाली जसपुर में वर्ष 2022- 2023 में पंजीकृत 90 मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती में नमूना माल के करीब 3000 लीटर कच्ची व अंग्रेजी शराब को न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर मनोज राणा की उपस्थिति में चौकी सूत मिल में गड्ढे के अंदर उड़ेल कर नष्ट किया गया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक जावेद मालिक , हेड कांस्टेबल संजय गिरी, कांस्टेबल फकीर राम, राजकुमार, प्रहलाद , दीपक जलाल आदि मौजूद रहे।

### बैठक कर जिलाधिकारी ने आंवलाघाट पुल के निर्माण कार्य की स्थिति की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में आंवलाघाट पुल का निर्माण कार्य शीघ्र किए जाने एवं गौरंगघाटी में विकास कार्य किए जाने के सम्बन्ध में एक बैठक कलक्ट्रेट में संपन्न हुई।




बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम जजराली कृषि एवं औद्यानिक उत्पादन किए जाने की दृष्टि से समृद्ध ग्राम है। आंवला घाट पुल निर्माण होने से जहां एक ओर इस क्षेत्र कि जनता को यातायात में लाभ मिलेगा, वहीं क्षेत्र कि आर्थिकी गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पुल निर्माण शीघ्र शुरू किए जाने के भी निर्देश दिए और साथ उस क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने हेतु महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र पिथौरागढ़ को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने का आग्रह किया। बैठक में डीडीओ रमा गोस्वामी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र कविता भगत, पुल निर्माण से संबंधित आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### विद्युत चोरी करते टीम ने कई को रंगे हाथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** विद्युत चोरी के मामले में अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा समय-समय पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद भी विद्युत चोरी में अंकुश नहीं लग पा रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्णागिरि क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई के दौरान कई लोगों को विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। विद्युत विभाग की टीम द्वारा किए गए औचक छापामार करवाई से पूर्णागिरि क्षेत्र के उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक पूर्णागिरि क्षेत्र में तीन दुकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। उपखंड अधिकारी मयंक भट्ट से मिली जानक. ारी के अनुसार तीन उपभोक्ता मीटर से पहले ही केवल में कट मार के चोरी करते हुए पकड़े गए। श्री भट्ट ने बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गए विद्युत उपभोक्ता राकेश, कृष्णानंद कैलाश के खिलाफ टनकपुर कोतवाली में विद्युत चोरी का मामला पंजीकृत कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा छापामार कार्रवाई के दौरान जेई नरेंद्र श्रीवास्तव, लाइनमैन राजू, तोहीद उर्फ रिंकू आदि शामिल रहे।

### पत्रकार के निधन पर जताया शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** पूर्णागिरि धाम क्षेत्र के पत्रकार एवं धाम के पुजारी 43 वर्षीय जगदीश तिवारी की बुधवार की सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इस दु:खद घड़ी में उनके परिवार जनों और पत्रकारिता क्षेत्र व पूर्णागिरि धाम के पुजारीयों में दु:ख की लहर व्याप्त है। क्षेत्र के तमाम लोगों ने पूर्णागिरि धाम के पुजारी और पत्रकार जगदीश तिवारी के असामयिक निधन पर दु:ख एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस दु:ख की घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इनके निधन पर पत्रकार बाबूलाल यादव, आबिद सिद्दीकी, दीपक फुलेरा, शुभम गौड, मयंक पंत, विनोद पाल, पुष्कर मेहरा, रविंद्र सिंह धामी, दीपक धामी, राजेश देउपा, देवेंद्र चंद देवा, महेंद्र सिंह, ललित भट्ट , सहित तमाम गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त किया।

# वन संपदा को आग से बचाने के लिए पत्रकारों से रूबरू होंगे प्रभागीय वनाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** गर्मी का मौसम आते ही आग से हरे भरे जंगलों के लिए पैदा होते जा रहे गंभीर खतरों को देखते हुए प्रभागीय वनाधिकारी नवीन चंद्र पंत 20 फरवरी को सुबह 11:00 बजे अपने कार्यालय में जिले के सभी प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों से रूबरू होंगे। श्री पंत के अनुसार जंगलों में लगने वाली आग एक ऐसा गंभीर एवं समसामयिक विषय है, जिसमें हम सबको मिल बैठकर चिंतन एवं मनन करने की



आवश्यकता है कि किस प्रकार हम अपने जंगलों को बचा सकें।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने एड्स जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान से ग्राम सिद्धा नवदिया में विशेष शिविर के पां. चवें दिन एड्सजागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने प्रथम सत्र में शिविर स्थल पर साफ सफाई की, तदपरान्त योगासन एवं भजन कीर्तन किए।

प्रात: नाश्ता के उपरांत छात्र-छात्राओं ने अभिग्रहीत ग्राम सिद्धा नवदिया में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने एड्स से बचाव के लिए जागरूकता नारे लगाए। शिविर के द्वितीय सत्र बौद्धिक



सत्र में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने एड्स- एक भयंकर बीमारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन पांडे व विशिष्ट अतिथि श्याम सिंह राणा द्वारा दीप प्रज्वलित तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर कीइम्युनिटी को कमजोर कर देता है। सुरक्षित संबंध, सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन और जागरूकता ही इस रोग से बचाव है। समाज को इसके प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। बौद्धिक सत्र में डॉ. नीतू व डॉ. किरन ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को एड्स से सम्बन्धित जागरूकता प्रश्नोत्तरी एवं एड्स की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें एड्स फैलने के कारण, लक्षण तथा भ्रान्तियों और निवारण के विषय पर चर्चा की गई।

मंच से संचालन डॉ. मनोज कुमार जोशी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सीता मेहता, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ.आरती राणा, पंकज सिंह बो. हरा, ईशा गुप्ता, बरुण कुमार सक्सेना, मनोज कुमार, प्रगति राणा, पूनम राणा, रेनू थापा, सुमित कौशल, ज्योति राणा दुर्गानाथ गोस्वामी, देवराम आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने फूंका सरकार और अडानी का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर दर्जनों आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी के नेतृत्व में बेरिया तिराहे पर उत्तराखंड सरकार और अडानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। चेतावनी देते हुए कहां कहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर बाजपुर विधानसभा में नहीं लगने देंगे। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर सरकार जनता को गुमराह कर रही है यह प्रीपेड मीटर जनता का खून चूसेंगे और इसका फायदा अडानी कंपनी को पहुंचाया जाएगा। यह कंपनी अडानी की है उत्तराखंड सरकार ने विद्युत विभाग अडानी के हवाले कर दिया है।



विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी ने कहा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अडानी को फायदा पहुंचा रहे हैं। उत्तराखंड की जनता को प्रीपेड मीटर लगाकर लूट जाएगा उसका पैसा सारा अडानी कंपनी ले जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को पता नहीं की प्रीपेड मीटर की कितनी स्पीड है कितना बिल आएगा जनता को इसकी जानकारी नहीं है। जनता प्रीपेड मीटर का बिल भी जमा नहीं कर पाएगी। यह प्रीपेड मीटर जनता को लूटेंगे उनका खून चूसेंगे और अडानी को यह सरकार फायदा पहुंचाएगी। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता भूवन कापडी सहित कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता विधानसभा पर प्रीपेड मीटर को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। किसी भी कीमत पर प्रीपेड मीटर विधानसभा क्षेत्र में नहीं लगने दिए जाएंगे।

इस मौके पर पवन शर्मा, रईस अहमद, वरुण कपूर, साबिर हुसैन, सादक हुसैन, जीत सिंह, नवदीप सिंह कंग, फुरकान रजा, इंदर सिंह, परवेज शेख, पूरन जोशी, आशु मेहरा, आदित्य चांनना, बंटी सिंह, कामरान खान, शकील प्रधान, अभिषेक तिवारी, मुर्तजा अली, आदि मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज मनोज सिंह राणा उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूल के बच्चों को ड्रग्स से होने वाले नुकसान व वाहन चलाने में रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी तथा कोई नाबालिक वाहन चलता हुआ पकड़ा जाता तो तो उसके विरुद्ध कानून की धाराओं ,चलान व सजा के बारे में जानकारी दी।



प्राविधिक कार्यकर्ता वीर सिंह गौतम , प्रदीप कुमार व राकेश कुमार पैनल अधिवक्ता ने भी शिविर में बच्चों को कानून की बारीकियों की जानकारी दी। स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने बच्चों को कानून की जानकारी देने के लिए सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। जेने. सिस विद्यालय प्रबंधक सनप्रीत सिंह सहोता ने आगे भी भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता शिविर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष सोहन सिंह सहोता, राजवीर सिंह एडवोकेट , प्रदीप कुमार एडवोकेट , संदीप कुमार शर्मा एडवोकेट ,राकेश कुमार , मुनेश लता, आदेश कुमार, जितेंद्र कुमार, संगीता रानी, गुरदीप कौर, बीके ओझा, धर्मेंद्र वर्मा , मुनेश कुमार एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित चेयरमैन ने किया वार्डों का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने अधिशासी अधिकारी के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजीव सैनी ने पर्यावरण मित्रों को क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना।

बताते चले कि नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के होली चौराहा, स्टेशन काला. ेनी, रामपुर चौराहा, मुख्य बाजार सहित विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत चेयरमैन राजीव सैनी ने पर्यावरण मित्रों को सभी वार्डों में बेहतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका जल्द समाधान करने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत के चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था काफी बदहाल स्थिति में थी। ऐसे में लोगों द्वारा उनसे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर आज अधिशासी अधिकारी के साथ सभी वार्डो का निरीक्षण किया गया है ।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखना उनका उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लोगों द्वारा जो भी समस्याएं उनके सामने रखी गई है। उनका वह जल्द समाधान करेंगे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय की खो-खो पुरुष ट्रॉफी पर रामनगर महाविद्यालय का कब्जा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के आयोजक सचिव एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र ने बताया कि डीएसबी नैनीताल एवं पीएनजी राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें रामनगर महाविद्यालय विजेता रहा।बता दें कि टूर्नामेंट में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा,एमबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ और रामनगर महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नागेंद्र प्रसाद शर्मा व प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र ने टूर्नामेंट के खिलाड़ियों की खेल भावना की प्रशंसा कर सभी का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य प्रो.पाण्डे ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की अपेक्षा की। मंच संचालन डॉ. डीएन जोशी व डॉ.अलका ने संयुक्त रूप से किया। विश्वविद्यालय द्वारा नामित चयनकर्ता राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ से चीफ प्रॉक्टर प्रो.जीसी पन्त व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर से शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी सुदर्शन कुमार ने टीमों का उत्साहवर्धन किया।

ऑफिसियल में राजेन्द्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेरा लक्ष्मी काला, लोकेश पाण्डे व योगेश पाण्डे ने विशेष सहयोग प्रदान किया। टूर्नामेंट के आयोजन में डॉ.सुमन कुमार, डॉ.पीसी पालीवाल, डॉ.दीपक खाती, डॉ.कुसुम गुप्ता, डॉ.ममता जोशी, डॉ.विजय कुमार, डॉ.शिप्रा पन्त, क्रीड़ा प्रशिक्षक अजय सिंह, गोविंद मेवाड़ी, सुशील कुमार की विशेष सहयोग एवं भूमिका रही। इस अवसर पर प्रो. पुनीता कुशवाहा, प्रो.एसएस मौर्या, डॉ.प्रमोद जोशी, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल, देव आशीष आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका ने भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अव्वल आने के लिए नागरिकों से लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पालिका ने भारत स्वच्छ सर्वेक्षण- 2024 में अव्वल आने के लिए नागरिकों से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। इसके लिए नगर पालिका की टीम जुट गई है। यह कार्य 31 मार्च तक चलेगा।

नगर पालिका की ओर से सफाई सुपरवाइजरों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे अलग-अलग वार्डों में जाकर लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण के बारे में जागरूक कर सके। ईओ शाहिद अली ने बताया कि देशभर में इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण एक मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। इस दौरान केंद्र की टीम शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और शौचालय की दशा का जायजा लेगी इसके साथ ही नागरिक फीडबैक का सिलसिला भी चलता रहेगा। स्वच्छता के मामले में वर्ष भर में किए गए सुधार कार्यों की स्थिति पर की जाएगी। पालिका की ओर से ऑनलाइन नागरिक फीडबैक की सुविधा भी दी जा रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह स्वयं अपना फीडबैक दें और अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए जागरूक करें। पालिका के मास्टर ट्रेनर भी लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ने को जागरुक कर रहे हैं। पर्यावरण पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह, रूबी,अरविंद कुमार, विनोद कुमार, सुमित कुमार ,महेंद्र बिष्ट, राजेश कुमार, विनोद कुमार आदि इस कार्य में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

# कर्मचारियों की अनदेखी से पीने के पानी को तरस रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल, हर घर जल योजना को संचालित करने के लिए बड़े-बड़े प्रयास तो किए गए , लेकिन बनाए गए ट्यूबेल पंपों की देखरेख कर्मचारी ठीक प्रकार से नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते आए दिन मोटर फूंक जाने से पानी को लेकर उपभोक्ताओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

आपको बता दें ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में आए दिन मोटर फुकं जाने से पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है। पानी न आने से लोग बेहाल हैं। ग्रामीण हैंडपंप के सहारे लंबी दूरी तय कर प्यास बुझा रहे हैं। ग्राम पंचायत मनिहार गोठ एवं पूर्वी बिचई सैलानी गोठ में पानी की टंकी से आपूर्ति की जाती है।

यहां ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में बनाए गए ट्यूब ट्यूबल पंप फूकं जाने से लोग पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों को आधा किलोमीटर दूर हैंडपंप के सहारे पानी लाना पड़ रहा है। जेई विपिन कॉलोनी ने बताया कि मोटर फुकं जाने से क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय टीम द्वारा मोटर को निकाला जा रहा है। कहा की पेयजल आपूर्ति 20 फरवरी देर शाम तक सुचारू करने के प्रयास किया जा रहे हैं। इस मामले में भाजपा बूथ अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने बताया कि मोटर में तकनीकी खराबी आ जाने के बाद बर्मा लाइन में बनाए गए ट्यूबवेल पंप से पेयजल आपूर्ति की सप्लाई के लिए कई बार अधिकारियों को बताया गया है, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस मामले का अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया।

उन्होंने कहा कि इस मामले में वह मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर समस्या के संदर्भ में अवगत कराएंगे, ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके।

# मिनिस्ट्रियल कार्मिकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** डायट लोहाघाट में मिनिस्ट्रियल कार्मिकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने किया। प्रशिक्षण में आईसीटी विशेषज्ञ संदर्भदाता प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने कार्यालय प्रबंधन में आधुनिक तकनीकी के प्रयोग संबंधी गहन प्रशिक्षण प्रदान किया।

एमटी श्री उपाध्याय ने मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों को गूगल ड्राइव, डॉक्स, टीडीएस रिटर्न,आईटीआर, आयकर आगणन तथा कार्यालय कार्यों में तकनीकी के उपयोग आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में आईएफएमएस, पीएफएमएस पोर्टल तथा वेतन, टीए व अन्य देयकों को तैयार करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में डा. आशुतोष वर्मा, कृष्ण सिंह ऐरी, भूपेंद्र देव ताऊ, जीवन ओली, हिमांशु आदि उपस्थित थे।

# विधायक को मंत्री बनने का प्रलोभन देने वाले गिरफ्तार

## पुलिस ने रुद्रपुर में दो आरोपियों को दबोचा, नैनीताल लाए जाएंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या को फोन कर मंत्री बनने का प्रलोभन देकर पार्टी फंड की मांग करने वाले दो आरोपियों को रुद्रपुर में गिरफ्तार कर लिया गया है। नैनीताल पुलिस ने रुद्रपुर जाकर आरोपियों से पूछताछ की तो प्रकरण में उनके शामिल होने की पुष्टि हुई। अब तीसरे आरोपी की तलाश के साथ ही पकड़े गए आरोपियों को वारंट बी तलब किया जाएगा। बता दें कि नैनीताल विधायक सरिता आर्या के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रशेखर गरवाल ने तल्लीताल थाने में तहरीर देकर कहा था कि बीते 13 फरवरी को विधायक सरिता आर्या के फोन पर अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को गृहमंत्री



अमित शाह का पुत्र जय शाह बताते हुए उनको मंत्री बनाने की बात कही। जिसके लिए विधायक से पार्टी फंड देने की बात कही। फंड मिलने के बाद 14 फरवरी शुक्रवार की शाम को गृह मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से बैठक आयोजित किये जाने की भी बात कही लेकिन जब विधायक ने जेपी नड्डा से फोन पर बात की गई तो उन्होंने व्यक्ति की ओर से कही हर बात को गलत बताया। तहरीर के आधार पर तल्लीताल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जिसमें सामने आया कि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा व रानीपुर विधायक आदेश चौहान को भी इसी तरह का फोन आया था। मामले में एसपी (क्राइम) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि मामले में हरिद्वार पुलिस ने दिल्ली से एक आरोपी प्रियांशु पंत मूल निवासी सिमाल गांव बेरीनाग बागेश्वर (हाल निवासी मयूर विहार थाना गाजीपुर पूर्वी दिल्ली) को सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया था जिससे पूछताछ के आधार पर दो और लोगों की संलिप्तता सामने आई। मंगलवार को रुद्रपुर पुलिस ने एक और आरोपी उवैश अहमद को रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ के लिए नैनीताल पुलिस रुद्रपुर गयी थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों की मामले में संलिप्तता पाई गई है। अन्य जिलों की पुलिस के साथ नैनीताल पुलिस भी तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। पकड़े गए आरोपियों को वारंट बी के तहत तलब किया जाएगा।

## पूजा ने दी पीएचडी की मौखिक परीक्षा

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर नैनीताल के समाजशास्त्र विभाग की शोध छात्रा पूजा कोहली की बुधवार को पीएचडी की मौखिक परीक्षा आयोजित हुई। बता दें कि डा. प्रियंका नीरज रूबाली के मार्गदर्शन में पूजा कोहली ने अपना शोध कार्य किया। मौखिक परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. संजय रॉय के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ली गई। पूजा कोहली के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को नई टेक्नोलॉजी के उपयोग द्वारा ग्रह व कृषि सम्बन्धी कार्यों को कम समय में करने हेतु विषय पर शोध कार्य किया गया। प्रो. संजय रॉय के द्वारा पूजा कोहली से विभिन्न प्रकार के शोध से संबंधित प्रश्न पूछें गये जिसका पूजा कोहली द्वारा भली भांति उत्तर दिए गए। इस दौरान पूजा कोहली द्वारा किये गये शोध कार्य को प्रो. संजय रॉय द्वारा सराहा गया। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी द्वारा वाह्य परीक्षक प्रो. संजय रॉय व उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बता दें कि पूजा कोहली के द्वारा पूर्व में समाजशास्त्र में यूजीसी नेट के साथ ही सेट परीक्षा पास की है।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए विभाग तैयार: जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के जंगल को फायर सीजन में वनाग्नि से बचाने के लिए विभाग की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सेटेलाइट के साथ 70 क्रू स्टेशनों से भी वनाग्नि पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा लोग फायर एप से भी सीधे क्षेत्र में आग की सूचना दे सकते हैं, वहीं जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी साथ ही सूचना देने वालों को 20 हजार इनाम दिया जाएगा।

यह बात बुधवार को नैनीताल में नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने पत्रकार वार्ता में कही। जोशी ने बताया कि जंगलों को आग से बचाने के लिए नैनीताल वन प्रभाग की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। बताया कि डिविजन में पांच कंपाटमेंट कैंचीधाम, भीमताल रोड, नैनीताल काठगोदाम रोड, कालाढूंगी रोड और



रामगढ़ रोड को संवेदनशील घोषित किया गया है। कहा कि फायर सीजन में यहां वन विभाग की टीम को तैनात किया जाएगा ताकि आग की घटना पर तुरंत आग को बुझाकर जंगल में फैलने से रोका जा सके, वहीं आग लगाने वालों पर इस वर्ष कड़ी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही आग लगाने वालों की सूचना देने पर 20 हजार नकद इनाम दिया जाएगा। बता दें कि बीते वर्ष नैनीताल डिविजन में हरे भरे जंगल वनाग्नि के भेंट चढ़ गए थे। विभाग की तैयारियों के व लाख कोशिशों के बाद भी जंगलों को आग से नहीं बचाया जा सका जिससे सबक लेते हुए इस वर्ष वन विभाग ने विशेष तैयारियां कर ली हैं। विभाग ने इन दिनो कंट्रोल बर्निंग कर ली है जो डिविजन की ओर से फरवरी माह भर चलाई जाएगी, जिसके बाद 15 जून तक वन विभाग जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने का कार्य करेगा। जिसके लिए वन विभाग की नैनीताल डिविजन में मौजूद 70 क्रू स्टेशन में विभागीय कर्मचारियों समेत 300 फायर वाचर तैनात करेगा।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शुरू की नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत

### टीबी मरीजों को पोषण सहायता और परामर्श प्रदान करेगा

विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोग (टीबी) के मरीजों को पोषण सहायता और परामर्श प्रदान करेगा। इस पहल का उद्देश्य मरीजों का उपचार अधिक प्रभावी बनाना और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के छात्र इन मरीजों को नियमित काउंसलिंग और सहायता प्रदान करेंगे, ताकि वे अपनी दवाइयों और उपचार की आवश्यकताओं को समय पर पूरा कर सकें। चिकित्सकों द्वारा अनुशंसित पोषण आहार मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की जिम्मेदारी निभाना भी है। हमारे इस प्रयास से टीबी मरीजों को उचित पोषण और सही परामर्श मिलेगा, जिससे वे जल्दी स्वस्थ हो सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में इस अभियान को और विस्तारित करेगा, और टीबी के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाएगा, ताकि लोग समय पर उपचार प्राप्त कर सकें और बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। अब तक 8 जरूरतमंद टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है, लेकिन उनकी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वे बिना किसी सामाजिक दबाव के इस सहायता का लाभ उठा सकें। कुमाऊं विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल टीबी मरीजों के उपचार में सहायक होगी, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए यह अभियान समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

# पुस्तक 'फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स' पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन और मैटरनिटी सेंटर देहरादून द्वारा दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर में

### लेखक और सह लेखक को की सराहना

'पुस्तक फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स' पर एक विशेष पुस्तक चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अनिल रतूड़ी, और अन्य विशिष्ट अतिथि जैसे सेवानिवृत्त जनरल ऑफिसर लेफ्टिनेंट



जनरल जेएस नेगी, न्यायमूर्ति राजेश टंडन, और लेखक पद्मश्री डा. बीकेएस संजय समेत सह लेखक डा. गौरव संजय ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। लेखक और सह लेखक ने अतिथियों का स्वागत शॉल, स्मृति चिन्ह और पौधों के साथ किया। इस अवसर पर पद्मश्री कल्याण सिंह, उद्योगपति और परोपकारी डा. एस फारूक, सेवानिवृत्त मुख्य सचिव एन. रवि शंकर, आईएएस अधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, और कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एन. रवि शंकर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखकों को बधाई दी और सभी से आग्रह किया कि वे इस परिसर का अधिक से अधिक उपयोग करें।

लेखक पद्मश्री डा. बीकेएस संजय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और भोजन हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है, और इन क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। उन्होंने इस पुस्तक को चिकित्सकों की गहरी समझ और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक माध्यम बताया। सह लेखक डा. गौरव संजय ने कहा कि यह पुस्तक जन स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक संदर्भ ग्रंथ के रूप में कार्य करेगी, और पाठकों को इन विषयों पर सीखने और साझा करने का अवसर प्रदान करेगी। मुख्य अतिथि अनिल रतूड़ी ने कहा कि डॉक्टरों को भगवान का रूप माना जाता है क्योंकि उनके पास जीवन बचाने की शक्ति है।

उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह पुस्तक समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षा की भूमिका को उजागर करती है। अतिथि न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने कहा कि लेखक और सह लेखक जनमानस को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रो. ओंकार सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर बात की और माता-पिता से आग्रह किया कि वे बच्चों को तकनीकी साधनों का सहायक उपकरण के रूप में उपयोग करना सिखाएं। लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नेगी ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जनसंख्या वृद्धि, और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को समेटे हुए है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. संजीव चोपड़ा ने पुस्तक को एक बहुमूल्य रचना करार दिया, जबकि डा. अरुण कुमार मंडल ने लेखकों की सराहना की और उनकी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर यह पुस्तक लिखने के प्रयास को प्रेरणादायक बताया। अंत में डा. गौरव संजय ने सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सिमरन सूरी ने किया।

## बिछ़ने के साथ ही उखड़ने लगा डामर

**नैनीताल।** बिड़ला रोड पर डामरीकरण होने के साथ ही डामर उखड़ने का मामला सामने आया है। एक ओर स्थानीय लोगों ने काम सही नहीं होने के आरोप लगा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की ओर से ही डामरीकरण के दौरान भी वाहन न रोकने पर काम रोक दिया गया है। बता दें कि बिड़ला रोड पर लोनिवि की ओर से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को एक स्थानीय व्यक्ति की ओर से सोशल मीडिया में एक वीडियो डालते हुए लोनिवि के कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है। व्यक्ति का कहना है कि डामरीकरण हुए दो दिन नहीं हुए हैं और डामर उखड़ने लगा है जिससे बाइक चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में संज्ञान लेने की बात कही है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनोटी ने बताया कि विभाग की ओर से डामरीकरण करने के दौरान स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की गई लेकिन अपील के बावजूद भी डामरीकरण के कार्य के दौरान ही लोग भारी पिकअप तथा कार व बाइक दौड़ा रहे हैं जिससे चिपकने से पहले ही डामर उखड़ रहा है।

# धारी में किसान जागरूकता गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** केन्द्रीय बागवानी संस्थान (सीआईटीएच) मुक्तेश्वर में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत बुधवार को एक दिवसीय किसान जागरुक गोष्ठी व कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय बागवानी संस्थान श्रीनगर के निदेशक डा. महेन्द्र कुमार वर्मा मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में डा. महेन्द्र कुमार वर्मा ने आजिविका संवर्धन के लिये पर्वतीय कृषि पर किसानों को फसल विविधिकरण एवं विभिन्न तकनीक के द्वारा जैसे सघन बागवानी, जल संरक्षण, उच्च आय वाली फसलों पर किसानों को जानकारी दी।



वहीं प्रभारी वैज्ञानिक सीआईटीएच डा. अरुण किशोर ने किसानों को बागवानी फसलीकरण एवं शीतोष्ण फलों की नई प्रजातियों का भविष्य, किसानों आय बढ़ोतरी आदि पर विस्तार से जानकारी दी। डा. आर विश्वनाथन निदेशक भाअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने चुकन्दन उत्पादन के बारे में विस्तारपूर्व बताया। डा. रजनीश सिंह मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को कृषि यंत्र वितरण व फलदार पौधे वितरित किए गए। इस दौरान केन्द्रीय बागवानी संस्थान श्रीनगर निदेशक डा. महेन्द्र कुमार वर्मा, डा. यशपाल सिंह मलिक संयुक्त निदेशक आईवीआरआई मुक्तेश्वर विशिष्ट अतिथि, प्रभारी वैज्ञानिक सीआईटीएच डा. अरुण किशोर, डा. आर विश्वनाथन निदेशक भाअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ, राजेश कुमार ग्राम प्रधान गहना, डा.रजनीश सिंह मुख्य उद्यान अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष बने अफजल फौजी, राजू महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे के मार्गदर्शन में संगठन ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अफज़ल हुसैन फौजी को जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार राजू पांडे को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां संगठन में एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में सामने आई हैं। अब इन दोनों वरिष्ठ पत्रकारों के नेतृत्व में जिले में यूनियन की सम्पूर्ण इकाई का गठन जल्द ही किया जाएगा जिससे संगठन को और भी मजबूती मिलेगी। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे और महामंत्री डा. नवीन जोशी द्वारा मनोनयन पत्र जारी करने के बाद दी गई। बता दें कि राजू पांडे जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दो दशकों से अधिक समय से सक्रिय हैं



इस दायित्व को निभाने के लिए तैयार हैं जिससे संगठन की कार्यप्रणाली में नये आयाम जुड़ेंगे, वहीं अफजल हुसैन फौजी इससे पूर्व नैनीताल नगर में यूनियन की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का निर्वह्न लगन व निष्ठा से कर चुके हैं। दूसरी ओर शहर के पत्रकारों ने दोनों वरिष्ठ पत्रकारों को जिले में अहम जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नियमों का पालन नहीं करा पा रही पालिका

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में पालिका नियमों का पालन नहीं करा पा रही है, जिसके चलते रोजाना बिना लाइफ जैकेट पर्यटक नौकायन कर रहे हैं। बता दें कि नैनीझील में नौकायन के दौरान लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन नाव चालक पर्यटकों को लाइफ जैकेट नहीं पहना पा रहे हैं। ना ही पर्यटकों को अपनी जान की परवाह है। जिसके चलते रोजाना नैनीझील में नौकायन के दौरान रोजाना बिना लाइफ जैकेट नौकायन हो रहा है। लेकिन पालिका कोई करवाई नहीं कर रही है। पालिका ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि टीम की ओर से रोजाना झील का निरीक्षण किया जा रहा है। बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

# न्याय के बिन्दुओं पर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार की अध्यक्षता में नालसा बल्कि के लिए मैत्रीपूर्ण योजना 2024 के दृष्टिगत सभी विभागों के साथ बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधि विवादित किशोर, देखभाल एवं संरक्षण वांछित बालक, बाल साक्षी, अपराध के पीड़ित बालक, फ्री फॉर अडॉप्शन बालक एवं बालिकाओं के संबंध में योजना के प्रावधान एवं अन्य अधिनियम जैसे कि किशोर न्याय आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपराध की सूचना पर



बालक को पकड़े जाने, उसकी आयु निर्धारण आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। माननीय महोदय द्वारा योजना के तहत गठित विशेष बालकों के लिए विधिक सहायता इकाई की भूमिका, नि:शुल्क विधिक सहायता, बालकों के लिए आर्थिक सहायता योजना आदि पर भी सभी को जागरूक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड ज्योति बाला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी, एडीएम फिंचा राम, लीगल प्रोबेशन अधिकारी, सती, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चीफ एलएडीसी सोहन तिवारी, बालकों के लिए कानूनी सहायता इकाई के विद्वान अधिवक्तागण एवं अधिकार मित्र द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# जंगलों की आग पर हाईकोर्ट ने खुद लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। बता दें मामले की सुनवाई पर पूर्व के आदेश पर बुधवार को सूबे के पीसीसीएफ धनंजय मोहन कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उनसे आग पर काबू पाने के लिए एक पूरा प्लान कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा है, साथ में कोर्ट ने पीसीसीएफ व याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं से भी इस समस्या का समाधान करने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करने को कहा है। सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि फायर सीजन प्रारम्भ होने से पहले ही फायर लाइन बनाई जाए, लगने वाली आग की छोटी छोटी घटनाओं की समस्या को ड्रोन के

### समस्या के समाधान के लिए सुझाव पेश करने को कहा

माध्यम से निपटाया जाय, जहां जहां आग लग रही है उसकी जानकारी सैटेलाइट से लेकर सम्बंधित क्षेत्र को भेजी जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद भी ली जाए क्योंकि स्थानीय लोग को ही अपने क्षेत्र की भगौलिक जानकारी अधिक होती है। कोर्ट ने जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए जो पीसीसीएफ ने कदम उठाए हैं उनकी भी सराहना की। पीसीसीएफ ने कोर्ट को अवगत कराया कि कोर्ट के दिशा निर्देश पर वन विभाग ने अभी कई सौ किलोमीटर तक की फायर लाईन बना दी है। फायर लाईन बनाने के लिए 14 हजार 800 रेक्स फायर कर्मचारियों को दे दिये हैं, आग लगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए विभाग ने फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया से सैटेलाइट की मदद मांगी है जिससे उन्हें आग लगने की जानकारी जल्दी से जल्दी मिल सके। आग बुझाने के लिए विभाग ने लगभग 10 हजार श्रमिक दैनिक मजदूरी पर तैनात किए हैं। बता दें कि बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आशीष नैथानी की खण्डपीठ में हुई। अब मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च सोमवार को होगी। कोर्ट ने वर्ष 2021 में मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित आग की खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया था, यही नहीं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी इस पर काबू पाने के लिए मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजा था, जिसमें कहा था कि वन तथा वन्य जीव व पर्यावरण को बचाने के लिए उच्च न्यायलय राज्य को दिशा निर्देश जारी करें। कोर्ट ने इनका संज्ञान लेकर कई दिशा निर्देश राज्य सरकार को जारी किए थे लेकिन अभी तक उन आदेशों का सही तरह से अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने इस मामले को पुन: सुनवाई के लिए आज सूचिबद्ध किया जबकि हाइकोर्ट ने वर्ष 2016 में भी जंगलों को आग से बचाने के लिए गाइड लाइन जारी की थी। कोर्ट अपने दिशा निर्देशों में कहा था कि गांव स्तर से ही आग बुझाने के लिए कमेटियां गठित किए जाए। नागरिकों में जागरूकता अपनाई जाने के साथ साथ अन्य कई निर्देश दिए थे, जिस पर आज तक अमल नहीं किया गया। न्यायमित्र मैनाली ने कहा कि सरकार जहां आग बुझाने के लिए हेलीकाप्टर का उपयोग कर रही है उसका खर्चा बहुत अधिक है और पूरी तरह से आग भी नहीं बुझती है, इसके बजाय गांव स्तर पर कमेटियां गठित की जाए। उन्हें इसके दुष्परिणाम के बारे बताया जाए। अभी तक उस आदेश का अनुपालन तक नहीं हुआ। वर्तमान में राज्य सरकार आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर का सहारा ले रही है जो काफी मंहगा है।

# फरार आरोपी की तलाश के लिए खंगाले सीसीटीवी फुटेज

## हल्द्वानी पुलिस ने काशीपुर पुलिस से भी मांगी मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस को चकमा देकर फरार हुए चोरी के आरोपी रोहित का पता सीसीटीवी में तो चला, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है और काशीपुर पुलिस से मदद मांगी है। रोहित, जो काशीपुर के चैती गांव का निवासी है, को आईटीआई थाना पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। उसे इसी साल 26 जनवरी को उप कारागार हल्द्वानी भेजा गया था। बीते 17-18 फरवरी की रात रोहित को तेज पेट दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे डाक्टरों की सलाह पर रात करीब 1 बजे सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लाया गया। रोहित की निगरानी के लिए दो कांस्टेबल पवन गोसाई और खेम सिंह को तैनात किया गया था। सुबह करीब 8 बजे एक कांस्टेबल शौच के लिए गया, तो दूसरे कांस्टेबल ने रोहित को बेड से हथकड़ी लगाकर रिपोर्ट लेने ले जाने की बात कही। इस दौरान रोहित ने मौके का फायदा उठाया और बिना हथकड़ी खोले एसटीएच की इमरजेंसी से फरार हो गया। घटना के बाद दोनों कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया। जेल प्रशासन ने इस मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसके बाद कोतवाली हल्द्वानी की पुलिस टीम ने एसटीएच पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में रोहित एसटीएच की इमरजेंसी से भागता हुआ नजर आया। हालांकि, पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि रोहित की फरारी की सूचना काशीपुर कोतवाली पुलिस को दी गई है और वहां भी उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जजी परिसर में पार्किंग की समस्या, मेयर से गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जजी कोर्ट परिसर में पार्किंग की बढ़ती समस्या को लेकर हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को नव निर्वाचित मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की। इस दौरान, पदाधिकारियों ने मेयर को ज्ञापन सौंपते हुए कोर्ट परिसर में वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न हो रही समस्या का समाधान शीघ्र करने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत के नेतृत्व में पदाधिकारी मेयर से मिले। उन्होंने मेयर को बताया कि दीवानी न्यायालय परिसर में वाहनों की पार्किंग की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे वकीलों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मेयर से शीघ्र कार्यवाही की अपील की। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर के बाहर नहर को कवर कर वहां वाहनों की समुचित पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके लिए शासन से बातचीत की जाएगी और नहर के ऊपर पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, लेखाधिकारी आरपी पांडेय, सदस्य लोकेश राज चौधरी, सदस्य हरेंद्र सिंह पडियार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# टैक्नीशियन निकला इंडस कंपनी के टावर से 24 बैट्री चुराने वाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंडस कंपनी के टावर से बैटरी चोरी मामले में का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कंपनी टावर की बैटरी चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि कंपनी का ही टेक्नीशियन ही बैटरी चोर निकला। पुलिस ने इस मामले में टेक्नीशियन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। टीपीनगर चौकी क्षेत्र स्थित महर्षि स्कूल के पास रहने वाले इंडस कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर ललित मोहन ने 12 फरवरी को पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि वह गैस गोदाम रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास हल्दू पोखरा नायक इलाके में स्थित कंपनी के टावर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने पाया कि टावर के रैक का ताला टूटा हुआ था और 24 बैटरियां गायब थीं, जिससे नेटवर्क में गड़बड़ी होने लगी

### चोरी में शामिल दो साथियों के साथ गिरफ्तार

थी। पुलिस ने इंडस कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ललित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इधर सीओ नितिन लोहनी ने चोरी के मामले में जानकारी देते हुए बताया कि जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपियों की तलाश शुरू की। मंगलवार देर शाम पुलिस ने चोरी की पांच बैटरियों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की जांच में सामने आया कि कंपनी का ही टेक्नीशियन सिकंदर चोरी का मास्टरमाइंड था। सिकंदर की पहचान पीलीभीत के बहादुरपुर न्यूरिया गांव के निवासी के रूप में हुई। इसके अलावा अन्य आरोपी गुड्डू सागर, जो हल्द्वानी के शिवाजी कॉलोनी का निवासी है, और शानू साह, जो बदायूं के मोहम्मदगंज गांव का निवासी है, को भी गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पांच बैंटरियां बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 फरवरी 2025

## सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

## ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी

**प्रियंका सौरभ**



इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी खतरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारा.
`पण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नक.
ाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

# एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

**हेल्थ टिप्स**

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

### कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

**हार्ट** से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

### पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

### फाइबर से भरपूर...

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

### ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिाक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।



# बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट



**स्रोत फीसर्च**

2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंत.
ुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मान.
सिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजा.
ेर होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

# महाकुंभः आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

**निर्मल रानी**





भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।


> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**




# योगी-अखिलेश आमने-सामने



गुरुवार, 20 फरवरी 2025





# महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजनः योगी

**बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

### अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधीः योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

### शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है, जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

## योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

### यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहेः अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

## जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता हैः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

## जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

### यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

### वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी।

तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।



## किसको क्या मिल सकता है

- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।













स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426